श्रीविष्णुप्रिया-नाटक

प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामी

● प्रभुपाद श्रीहरिदासजी गोस्वामी द्वारा रचित निम्न ग्रन्थ (सभी मूल ग्रन्थ बंग-भाषामें हैं) श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्ग कुन्ज, बुड़ा शिबटोला, पो० नवद्वीप (जिला—नदिया, बंगाल) में उपलब्ध हैं। बंग भाषा पढ़ने-समझनेवाले सभी महानुभावोंसे हमारा अनुरोध है कि वे इन मूल गन्थोंको अवश्य पढ़ें।

१ श्रीविष्णुप्रिया-चरित
२ श्रीलक्ष्मीप्रिया-चरित
३ श्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति
४ श्रीविष्णुप्रिया नाटक
५ श्रीविष्णुप्रिया-मङ्गल
६ श्रीविष्णुप्रिया-सहस्रनाम-स्तोत्र
७ गम्भीराय श्रीविष्णुप्रिया
८ श्रीगौराङ्ग-महाभारत
९ शचि-विलाप-गीति
१० श्रीगौर-गीतिका (२ खण्डोंमें)
११ बङ्गालके ठाकुर श्रीगौराङ्ग
१२ श्रीधाम वृन्दावनमें श्रीपाद मुरारि गुप्त प्रतिष्ठित श्रीश्रीनिताई-गौर-श्रीविग्रहकी अद्भुत लीलाकथा
१३ प्राचीन पद-कर्त्ता द्विज बलरामदासजीकी जीवनी व पदावली
१४ महाराज गजपति प्रतापरुद्र नाटक
१५ श्रीजाह्नवा-चरित
१६ सिद्ध श्रीचैतन्यदास बाबाजी
१७ श्रीमद्विश्वरूप-चरित
१८ उपदेश-द्विशतक
१९ श्रीमन्महाप्रभुके शिक्षाष्टककी टीका
२० सार्वभौम-शतकका अनुवाद
२१ श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिया-तत्व-संदर्भ
२२ श्रीचैतन्य-चन्द्रामृतका अनुवाद
२३ वेदान्त-स्यमन्तक
२४ मूर्ख-शतक

प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामी

विरचित

श्री विष्णुप्रिया-नाटक

जय शचिनन्दन जय गौरहरि।
विष्णुप्रिया-प्राणनाथ नदिया बिहारी।।

व्रजका खेल कुलेल भगन मन।
नदियाका रज लुण्ठित तन।।
व्रजका खेल मुरलिका वादन।
नदियाका हरिनाम भजन।।
व्रजका खेल कुसुम वन विहरण।
नदियाका दृगजल वर्षण।।

आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह
९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू, कलकत्ता-१२

प्रकाशक—
रामनिवास ढंढारिया,
आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह,
कलकत्ता-१२।

प्रथम संस्करण—२०००

न्यौछावर
रु० ३)७५ पैसे

प्राप्ति स्थान—

- श्रीविष्णुप्रिया गौराङ्गकुञ्ज,
  बुड़ा शिबटोला,
  नवद्वीप (नदिया)।

- श्रीकृष्णचन्द्र,
  गीतावाटिका,
  शाहपुर, गोरखपुर, (उ० प्र०)।

- आर्यावर्त्त प्रकाशन-गृह,
  ९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू,
  कलकत्ता-१२।

- गोपाल ग्रंथालय,
  १८७, दादी सेठ अग्यारी लेन,
  बम्बई-२।

- राधा ग्रन्थ-कुटीर,
  ९८५-ए, गाँधी नगर,
  दिल्ली-३१।

- राजवैद्य पं० श्रीलक्ष्मीनारायणजी,
  प्रेमगली, पुराना शहर,
  वृन्दावन (मथुरा)।

मुद्रक—
मातादीन ढंढारिया,
नेशनल प्रिन्ट क्राफ्ट्स,
९५-ए, चित्तरंजन एवेन्यू,
कलकत्ता-१२ (फोन : ३४-७३२२)।

प्रकाशकीय निवेदन

चैतन्य-वल्लभा तुमि जगत ईश्वरी ।
तोमार दासेर दास हैते वाञ्छा करि ।।

● हमारे यहाँसे प्रकाशित प्रभुपाद श्रीहरिदास गोस्वामीकी जीवन-कथा ग्रंथमें "ग्रंथ प्रणयन और वैष्णव साहित्य सेवा" प्रकरणमें वर्णन आ चुका है कि किस प्रकार उनके द्वारा वैष्णव साहित्यकी रचना हुई। प्रस्तुत नाटककी रचना राजस्थानके पुष्कर तीर्थके निवास कालमें गौराब्द ४३४, बंगाब्द १३२६, शकाब्द १८४१, बिक्रमाब्द १९७५ में (आजसे ४५-४६ वर्ष पूर्व) हुई थी और उसी वर्ष माघकी पूर्णिमाके दिन इसका प्रकाशन भी हुआ था। मूल ग्रंथ बंग भाषामें गद्यकाव्यके रूपमें है। यह करुण-रसका एक अद्भुत ग्रन्थ है। इसमें प्रकाशित करुण-रसकी सरिताके प्रवाहका कुछ आभास मेदिनीपुरके श्रीआशुतोष सरकारके द्वारा ग्रन्थकारको दिये गये निम्न उपालम्भसे होता है :—

> "हरि हरि ! यह क्या कर डाला ? सुना गया है अमेरिकामें एक प्रकारके हँसानेवाले गैस (laughing gas) का आविष्कार हुआ है जिसके सूँघनेसे लोग हँसते-हँसते लोट-पोट होने लगते हैं। प्रतीत होता है कि आपका श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक रुदन करानेवाले गैस (weeping gas) के सदृश है। इसको जो भी पढ़ेगा वह रोये बिना नहीं रह सकेगा। इसके प्रति अक्षर और मात्रामें रुदन भरा पड़ा है। वड़े कष्टसे २३ पृष्ठ पर्यन्त पढ़ पाया, और नहीं पढ़ा गया। इन २३ पृष्ठोंमें २३००० अश्रुविन्दु पड़े होंगे। हृदय और पेटमें शोककी तीव्र वेदनाके कारण और क्या पढ़ा जा सकता है ? बाप रे बाप ! आप इतना रुलाना भी जानते हैं ? पूर्वमें ऐसा

अनुमान होता था कि मेरे भण्डारमें और अश्रुविन्दु नहीं रहे; कारण जो कुछ थे, वे सब स्त्री-पुत्रके लिये खर्च कर दिये गये थे। मन-ही-मन प्रतिज्ञा की थी कि यदि कभी रोना होगा तो जगन्माताके लिये ही रोऊँगा। लेकिन बताइये तो सही कि आपने मेरी प्रतिज्ञा भंग करवाकर मुझे इतना क्यों रुलाया ?"

(श्री विष्णुप्रिया-गौराङ्ग पत्रिका, वर्ष ६, संख्या ११–१२, पृष्ठ ४३३–४३४)

● श्री कुसुमसरोवर निवासी निष्किञ्चन श्रीवैष्णवगणोंके प्रमुख श्रीगोपीदास बाबाजीने 'श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक' पढ़कर श्रीहरिदास गोस्वामी प्रभुको लिखा था——

"विष्णुप्रिया नाटक पढ़कर यह समझमें आया कि यह मनुष्यके द्वारा लिखा हुआ नहीं है। श्रीविष्णुप्रियाजीकी विशिष्ट कृपाका आविर्भाव हुए बिना उनकी मनोवृतिका प्रकाश इस रूपमें कोई नहीं कर सकता। इसके प्रत्येक अक्षर नयन-जल द्वारा लिखे गये हैं। यहाँपर जो कोई भी इस अपूर्व ग्रन्थको पढ़ता है वही रो-रोकर व्याकुल हो जाता है। इस श्रीग्रन्थके द्वारा श्रीविष्णुप्रिया देवीकी विरह-ज्वालाकी स्फुल्लिगकणिकाका बाहर प्रकाश होता है। इससे जगत भष्मीभूत हो जायगा।

हम लोगोंकी बहुत दिनोंकी आशा पूर्ण होगी——ऐसा अब समझमें आ रहा है। हम लोगोंकी परमाराध्या वैष्णवजननी श्रीविष्णुप्रिया देवीके एकान्तानुगत एवं परम प्रियतम दासकी कृपादृष्टि जब हमारे ऊपर पड़ रही है तब भरोसा हुआ है कि श्रीप्रियाजीकी कृपादृष्टि भी हम लोगोंके ऊपर पड़ेगी——इसी आशासे धैर्य रखकर यहाँ पड़ा हुआ हूँ। हम लोग आपके दासानुदास हैं। आप आशीर्वाद करें और शक्तिसंचार करके हम लोगोंपर कृपा करें जिससे हम लोग श्रीरूप रघुनाथके साथ सुर मिलाकर इस श्रीश्रीराधाकुंज तटपर एवं श्रीगिरिराजपुलिनमें रहकर 'प्रसीद हे विष्णुप्रियेश गौर' बोलकर निष्कपटतासे चीत्कार करके रह सकें। जय गौर।"

(श्रीविष्णुप्रिया-गौरांग पत्रिका, वर्ष ६, अंक ६–७, पृष्ठ ७६–८०)

● कुछ वर्षों पूर्व इस ग्रन्थके अवलोकनका अवसर मिला था। तभीसे मनमें यह भगवत्प्रेरणा हुई कि हिन्दी भाषा-भाषियोंको भी इसका रसास्वादन कराया जाय। साधारण अनुवादसे इसके आस्वादनमें वैसी सरसता होनी कठिन है। जिस प्रकारका प्रवाह मूल ग्रन्थमें है उसको उसी रूपमें बिना विकृत होने दिये उसी शैलीके वर्णन द्वारा अनुवादमें सुरक्षित रखना अत्यन्त कठिन कार्य है। भगवत्-कृपासे एक सन्तकी प्रेरणासे उनके किसी प्रतिभाशाली एक भक्तने इस कार्यको हाथमें लिया तथा अन्य कार्योंकी भीड़ रहते हुए भी रात-विरात अवकाश निकालकर इस कार्यको पूरा किया। अनुवादमें कहीं किसी भावकी विकृति न हो जाय इसकी रक्षाके लिए उन्हीं सन्तने एक-एक पंक्ति मूल और अनुवादको स्वयं सुनकर जहाँ कहीं भी भावमें कमी प्रतीत हुई उसको ठीक करा दिया। उसीके फलस्वरूप यह गद्यकाव्य-ग्रन्थ भक्तोंकी सेवामें उपस्थित किया जा रहा है। पूर्ण आशा है कि भावुक भक्तगणोंको ग्रन्थके रसास्वादनसे आनन्दकी अनुभूति होगी।

● इस ग्रंथमें ऐसे व्यक्तियोंके लिये जो बंग भाषाके जानकार तो हैं अथवा समझ सकते हैं लेकिन लिपि नहीं पढ़ सकते--मूल बंगलाका अंश भी देवनागरी लिपिमें दे दिया गया है। प्रत्येक पृष्ठका बाँया स्तम्भ (कालम) तो बंग भाषामें है और दाहिना स्तम्भ हिन्दी भाषामें। बंग भाषाकी प्रत्येक पंक्तिके सामने ही हिन्दी अनुवादकी पंक्ति रखी गयी है जिससे बंग भाषाको अच्छी प्रकार न समझनेवाले भी हिन्दी पढ़कर बंगला अंशके भावोंको हृदयंगम कर सकें। बंग भाषामें उच्चारण और लेखनमें कहीं-कहीं भिन्नता है। एक ही शब्द भिन्न प्रकारसे उच्चारण करनेपर भिन्न अर्थ रखता है जैसे बंग भाषाका "बल" 'बोलो' भी उच्चारण होता है और 'बल' भी। एक 'कहने' के अर्थमें है दूसरेका 'शारीरिक बल'के अर्थमें। इसका भाव आगे-पीछेके सम्बन्धित क्रमसे आसानीसे पता लग जायगा। एक बार थोड़ा अभ्यास हो जानेके पश्चात् प्रायः कठिनाई नहीं होती।

● श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीका जीवन-नाटक लौकिक दृष्टिसे दुःखान्त ही रहा है। लेकिन प्रणालीके अनुसार प्रभुपाद श्रीहरिदासजीने अपने इस नाटकमें करुण रसका तूफान उपस्थित करके भी अन्तमें वृष्टि आदि सिंचनकर इस तूफानको शान्त कर सुखान्त बना दिया है।

● उपरोक्त ग्रंथोंमेंसे "श्रीविष्णुप्रिया सहस्रनाम स्तोत्र", "श्रीविष्णुप्रिया विलाप-गीति" और "श्रीधाम वृन्दावनमें श्रीपाद मुरारि गुप्त प्रतिष्ठित श्रीश्रीनिताई-गौर-श्रीविग्रहकी अद्भुत लीला-कथा' का हिन्दी-अनुवाद हमारे यहाँसे प्रकाशित हो चुका है। "श्रीविष्णुप्रिया चरित" और "श्रीलक्ष्मीप्रिया चरित" का हिन्दी-अनुवाद भी मुद्रित हो रहा है। शीघ्र ही पाठकोंके सम्मुख प्रस्तुत किया जा सकेगा।

● हमारा तो प्रयास है कि उपर्युक्त अन्य ग्रन्थ भी हिन्दी भाषा-भाषियोंके सम्मुख शीघ्र ही उपस्थित किये जाँय। प्रभुकी कृपा हुई तभी यह सब संभव हो सकेगा। करने-करानेवाले तो वे ही हैं। हम तो कठपुतली हैं, जैसा चाहें वे नाच नचा लें।

● यथासाध्य सावधानी बरतनेपर भी मुद्रणमें भूलें रहनी सम्भव हैं। प्रस्तुत पुस्तक मोनो मशीनके महीन अक्षरोंमें कम्पोज होनेके कारण तथा तीव्र गतिकी स्वचालित मशीनोंमें मुद्रित होनेके कारण कुछ शब्दोंकी मात्रायें कहीं-कहीं प्रेसकी असावधानीके कारण टूट गयी हैं जिनकी जानकारी हमें फर्मे छप जानेके पश्चात् ही हो पायी है। दृष्टिमें पड़ जानेवाली अशुद्धियोंको हमने शुद्धिपत्रमें दे दिया है। विज्ञ पाठक, ऐसी अशुद्धियोंके लिये जो हमारी लाचारीके कारण बन पड़ी हैं, हमें क्षमा करनेकी कृपा करेंगे। पाठकवृन्द अशुद्धियोंको शुद्धि-पत्रसे (जो कि पुस्तकके शेषमें है) शुद्ध करके पढ़ेंगें, तो कहीं भ्रम होनेकी संभावना नहीं रहेगी। फिर भी हमारा आग्रह है कि कहीं कोई अशुद्धि पाठक महानुभावोंके ध्यानमें आवे तो हमारा ध्यान अवश्य आकर्षित करें ताकि अगले संस्करणमें उसे सुधारा जा सके।

रास पूर्णिमा, वि० सं० २०२१
गौराब्द ४७८, शकाब्द १८८६
बंगाब्द १३७१, सन् १९६४ ई०

वैष्णवदासानुदास
रामनिवास ढंढारिया

श्रीविष्णुप्रिया नाटकका संक्षेप
एवं
विषय-सूची

विषय	पृष्ठ संख्या

द्वितीय अङ्क

विषय पृष्ठ संख्या

तृतीय अङ्क

● प्रथम गर्भाङ्क :—

● द्वितीय गर्भाङ्क :—

● तृतीय गर्भाङ्क :—

चतुर्थ अङ्क

विषय	पृष्ठ संख्या

पंचम अङ्क

विषय पृष्ठ संख्या

षष्ट अङ्क

● प्रथम गर्भाङ्क :—

● द्वितीय गर्भाङ्क :—

—o—

मङ्गलाचरण

हे गौर-वक्ष-विलासिनी ! हे देवि ! हे विष्णुप्रिये !
कलिकालके इन प्राणियोंकी ओर माँ ! दृग फेरिये ।।
नित्य हाहाकारसे हो रहा अन्तःकरण कातर ।
दग्ध ज्वालामें त्रितापोंके कलेवर क्लेश-जर्जर ।।
मलिन मनकी भावनाएँ, हृदय प्रस्तर-सा कठिन अति ।
प्रेमका होगा उदय किस भाँति उसमें गौरके प्रति ।।
पतित-पावनकारिणी माँ ! मूर्ति तू करुणा विनिर्मित ।
कलि-कलुष-हारी तुम्हारे चरण दोनों राग-रञ्जित ।।
सिवा चरणोंके तुम्हारी नहीं कोई दूसरी गति ।
कृपाकर कलिजनोंको माँ ! दीजिये मंगलमयी मति ।।
सहज स्वाभाविक भजनके राजपथका कर प्रदर्शन ।
शुद्ध करदो हृदय संततिका न जिनके भक्तिका धन ।।
प्रेम-सौरभ नहीं कलिके प्राणियोंके हृदय भीतर ।
वे कुतर्की, प्रेम भक्ति-विहीन, झमपट लोचनों पर ।।
कलिकालके प्राणी अधम तुमको नहीं पहचान कर ।
दुःख पारावारमें हैं डूबते रहते निरन्तर ।।
शान्तिकी तुम मूर्ति माता ! शांति-रस मन-कलश ढालो ।
जान कर संतानको निज अधम, चरणोंमें बसा लो ।।
दूर कर भ्रमका अँधेरा प्रेमभक्ति प्रदान कर दो ।
शक्ति-रूपिणि ! कृपा-प्रतिमे ! कृपा करके शक्ति भर दो ।।
गौरहरिके भजन-पथमें एक माँ ! तेरा सहारा ।
सकल-सुख-भंडार अम्बे ! बस चरण-चिन्तन तुम्हारा ।।
जननि ! कलिके जीव कातर उपरि करुणा-घटा बरसे ।
बिना तव पदके नहीं 'हरिदास'का नाता अपरसे ।।

●

।। श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया जयतः ।।

ग्रन्थकारकी विज्ञप्ति

●

श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीने जीवाधम ग्रन्थकारके केश पकड़कर अपना सुवृहत् चरितसुधा लीलाग्रन्थ लिखवाया। उसके बाद उनकी कृपा-प्रेरणासे "श्रीविष्णुप्रियामङ्गल" श्रीग्रन्थ लिखा गया। पुनः देवीने केश पकड़कर अपना "विलाप गीति" लिखवाया। अब श्रीविष्णुप्रिया नाटक क्यों? इस प्रश्नका उत्तर देनेकी क्षमता जीवाधम ग्रन्थकारमें नहीं है। कृपामय गौरभक्त पाठक-पाठिकावृन्द कृपापूर्वक सम्पूर्ण श्रीग्रन्थका पाठ करके--विचार करके इस प्रश्नके उत्तरका समाधान स्वयं कर लें।

"श्रीश्रीविष्णुप्रिया चरित" श्रीग्रन्थ ४२७ गौराब्दमें जब्बलपुरमें लिखा गया। "श्रीविष्णुप्रिया मङ्गल" श्रीग्रन्थ ४२६ गौराब्दमें मध्यभारत भोपालमें लिखा गया। "श्रीश्रीविष्णुप्रिया-विलाप-गीति" इसी साल वृन्दावन धाममें लिखा गया। "श्रीश्रीविष्णुप्रिया नाटक" राजपूताना-अजमेरमें लिखा गया। सुदूर देश अजमेरमें श्रीश्रीगौरविष्णुप्रिया सेवाका प्रचार हुआ। उसी सेवाके फलसे श्रीश्रीविष्णुप्रिया देवीने तुष्ट होकर केश पकड़कर कृपादेश दिया कि उनका नाटक लिखना होगा। कृपामयी गौरवक्षविलासिनी देवीका आदेश एक पक्षके भीतर प्रतिपालित हुआ। अब उनका और क्या आदेश होगा, पता नहीं।

अलमिति विस्तरेण।

राजपूताना-अजमेर,
माघी पूर्णिमा,
गौराब्द ४३४।

श्रीश्रीविष्णुप्रियादासानुदास,
दीनहीन जीवाधम,
ग्रन्थकार

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-वल्लभाय नमः

श्रीश्रीविष्णुप्रिया-वल्लभ-श्रीकरकमलेषु

ओहे विष्णुप्रिया-नाथ !	**अहो ! विष्णुप्रिया-नाथ !**
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
राजपण्डित सनातनमिश्र महाशय,	राजपण्डित सनातनमिश्र महाशयने
सँपेछिलेन कन्या ताँर,	सौंपी थी कन्या निज,
तोमार करेते ।	तव पाणि-पङ्कजमें ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
स्वामीहारा, पुत्रहारा	स्वामी-हीना, पुत्र-हीना,
दुःखिनी शची माता	दुःखिनी शची माँने
बेंधे छिलेन ताँर सुखेर संसार,	पुनः था बसाया संसार निज सुखका,
विवाह दिये तव	करके विवाह तव
श्रीविष्णुप्रिया सने ।	विष्णुप्रिया देवीसे ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
सनातन-नन्दिनी देवी विष्णुप्रिया	सनातन-सुता विष्णुप्रिया देवीने
सँपेछिलेन काय-मन	अर्पण किया था काया-मन
तोमार चरणे ।	पावन तव चरणोंमें ।
बड़ आशा क'रे,	बड़ी-बड़ी आशा बाँध,
नदीयार भक्तवृन्द,——तव निजजन,	नदियाके भक्त-वृन्द, तुम्हारे स्वजनवृन्द,
ह'ये सर्व्वत्यागी,	करके सर्वस्व-त्याग,
ल'येछिलेन शरण	शरणागत हुए थे
चरणे तोमार ।	चरणोंमें तुम्हारे ।

भङ्ग क'रे सकलेर आशा
तुमि ह'ये गृहत्यागी
साजिले संन्यासी;
ज्वालिले विषमानल नवद्वीपपुरे ।
स्नेहमयी जननीर
हृदयेर दुर्व्विसह ताप,
पतिप्राणा विष्णुप्रियार
प्राणघाती सकरुण आर्त्तनाद,
नदीयार भक्तवृन्देर
आर्त्तिपूर्ण विषम हाहाकार,
भीषण कालानल सम,
ज्वलितेछे निशिदिन,—
ज्वलिबेओ चिरदिन,—
करि भस्मीभूत अस्थि-चर्म्म-काय,
निज जनेर तव;
तार मध्ये एक जन
क्षुद्र ग्रन्थकार,—
दुखी, तापी, दुराचार, पुरीषेर कीट ।
तार क्षुद्र हृदयेर
ज्वाला तीक्ष्ण—अतिशय
असह्य-अदम्य, ताहा;
ताइ उद्गारिल—ए अनलराशि ।
काके दिब इहा ?
कार साध्य करे सह्य
एइ भीषण अनल ?
खुँजिलाम एके-एके
तव निज जने,
साधिलाम मने-मने
महाजनगणे;
केह ना लइल इहा,

चूरकर सभीकी आशा,
तुमने गृहत्यागी हो,
सज लिया संन्यास-वेश;
धधकाया विषमानल नवद्वीप-पुरीमें ।
स्नेहमयी जननीके
हृदयका दुस्सह ताप,
पतिप्राणा विष्णुप्रियाका
प्राणघाती सकरुण आर्त्तनाद,
नदियाके भक्तोंका
आर्त्तिपूर्ण विषम हाहाकार,
भीषण कालानल सम,
जल रहा दिवस-निशि,—
जलेगा भी चिरदिन,—
भस्मीभूत करके अस्थि-चर्म-कायाको,
तुम्हारे निज जनोंके ।
उन्हींमें एक जन
क्षुद्र ग्रन्थकार यह,—
दुःखी, तापी, दुराचारी, पुरीष-कीट,
उसके क्षुद्र हृदयकी,
तीक्ष्ण ज्वाला-अतिशय
असह्य, अदम्य वह;
अतः उगली यह अनल-राशि उसने ।
किसको इसे दूं, भला ?
किसकी सामर्थ्य है, सहन करे
इस भीषण ज्वालाको ?
खोजा एक-एक कर
तुम्हारे निज जनोंमें;
तौला है मन-ही-मन
महाजन-गणोंको;
किसीने लिया न इसे

ताइ दिनु तव करे,—
अग्निर पञ्जर ।
लह, श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु !
लह उपहार !
अनलेर राशि इहा,
पुञ्जीकृत हृदयेर ताप इहा,
तुमि विना कार साध्य
करिते निर्व्वाण ?
दितेछे कत जने,—तव करे,
कत-कत प्रीति-उपहार ।
लिखेछिले मोर भाग्ये
दिते तव श्रीकर-कमले
एइ विषम अनल ।
ओहे विष्णुप्रिया-नाथ !
दुःख नाइ ताते मोर,
बड़ दुःख दियेछ तुमि,
सरला विष्णुप्रियार प्राणे ;
एबे तार कर फल भोग !
लइओ ना अपराध मोर ।

अतः दिया तव करमें,—
अनल-पञ्जर ।
लो, श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु !
ले लो उपहार !
अनल-राशि यह,
पुञ्जीभूत ताप यह हृदयका;
किसकी सामर्थ्य है तुम्हारे सिवा
कर सके शान्त इसे ?
देते हैं कितने जन,—तव करमें,
कितने-कितने प्रीति-उपहार ।
लिखा था मेरे भाग्यमें,
देना तुम्हारे श्रीकरकमलोंमें
यही विषमानल ।
अहो ! विष्णु-प्रिया-नाथ !
उसका मुझे दुःख नहीं;
दारुण दिया है दुःख तुमने जो,
सरला विष्णुप्रियाके प्राणोंको ;
अब उसका ही बस भोगो फल,
लाना मत मनमें अपराध मेरा ।

श्रीविष्णुप्रिया-विरह-दुःख-कातर
दीन ग्रन्थकार

पुरुषपात्र

श्रीगौराङ्ग (निमाई)	...	नदियाके अवतार
गङ्गादास पण्डित	...	श्रीगौराङ्गके शिक्षा-गुरु ।
गदाधर	...	श्रीगौराङ्गके प्रिय भक्त ।
श्रीनित्यानन्द	...	श्रीगौराङ्गके अभिन्न-कलेवर ।
श्रीवास पण्डित	...	श्रीगौराङ्गके प्रिय भक्त ।
ईशान	...	श्रीगौराङ्गके भृत्य ।
चन्द्रशेखर आचार्य	...	श्रीगौराङ्गके मौसा ।

भक्तगण, छात्रगण, एवं नदियाके ब्राह्मण पण्डितगण ।

———o———

स्त्रीपात्र

शचीमाता	...	श्रीगौराङ्गकी जननी ।
श्रीविष्णुप्रिया	...	श्रीगौराङ्गकी गृहिणी ।
काञ्चना	...	श्रीविष्णुप्रियाकी सखी ।
अमिता	...	श्रीविष्णुप्रियाकी सखी ।
मालिनीदेवी	...	श्रीवास पण्डितकी गृहिणी ।
सर्व्वजया	...	चन्द्रशेखर आचार्यकी पत्नी, शचीमाताकी बहिन ।

सखीगण, पड़ोसकी स्त्रियाँ ।

श्रीश्रीगौर-विष्णुप्रिये जयतः

श्रीविष्णुप्रिया नाटक

प्रथम अङ्क ।

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—नवद्वीपे जगन्नाथ मिश्र
पुरंदरेर गृह ।
श्रीकृष्ण-प्रेम-विह्वल श्रीगौराङ्ग
धरासने आसीन ।
(शचीमातार प्रवेश)

शचीमाता—

केन बाप ! मलिन-वदन,
वसि धरासने काँदितेछ तुमि;
कि दुःख तोमार, चाँद ?
नयने केन हेरि अश्रुधार ?
सोनार अङ्ग धूलि माखा केन ?
आलू थालू चाँचर चिकुर-दाम
पड़ियाछे बदन उपर;
नतमुखे केन काँदितेछ बाप !
भिजेगेछे धरासन,
कर्द्दमाक्त वसनाग्र-भाग;
कि दुःख तोमार मने,
प्रकाशिये वल बाप !
प्राण काँदे मलिन वदन हेरि तव ।
अभागिनी आमि,
तोमा हेन पुत्रधन पेये,
भुलियाछि सब दुःख ।

दृश्य—नवद्वीपमें जगन्नाथ मिश्र
पुरंदरका घर ।
श्रीकृष्ण-प्रेममें विह्वल श्रीगौराङ्ग
पृथ्वीपर वैठे हुए ।
(शचीमाता का प्रवेश)

शचीमाता—

क्यों हे लाल ! मलिन-वदन,
बैठे धरापर करते तुम क्रन्दन;
क्या दुःख तुमको, मेरे चाँद ?
नयनोंमें देख रही किसलिये जलधार,
कञ्चन-सा तन सना धूलमें किसलिये ?
कुञ्चित कुन्तल-कलाप तव अस्त-व्यस्त हो
छाया मुख-मण्डलपर;
नतमुख हुए लाल ! क्रन्दन क्यों कर रहे ?
धरतीतल भीग गया,
कीच सना वसन-छोर;
कौन दुःख मनमें तुम्हारे बसा,
निरावरण कहो, लाल !
रोते हैं प्राण मेरे देख म्लान-वदन तव ।
मैं अभागिन,
तुम समान पुत्ररत्न पाकर,
भूली हुई थी सभी दुःख ।

विश्वरूप भाइ तव	अग्रज तव, विश्वरूप
वनवासे गेल,	वनवासी हो गया ;
सेइ शोके पिता तोर	उसी शोकमें पिता तेरे
पाशरिल देह;	देहसे अतीत हुए ।
बाछा रे ! सोनार निमाइ चाँद !	मेरे छौना ! सोनेके निमाई ! मेरे चाँद !
तोर मुख चेये आमि	मैं देख तेरा मुख
भुलियाछि सर्व्व दुःख-शोक ।	भूल गई हूँ सर्व दुःख-शोक ।
तोमा हेन पुत्रधने पेये,	तुम सम पा पुत्ररत्न,
वैकुण्ठेर लक्ष्मीसमा पुत्रवधू पेये	वैकुण्ठकी लक्ष्मी-सी पाकरके पुत्रवधू
ए वृद्ध वयसे आमि,	मैंने इस बुढ़ापेमें,
संसारे दियेछि मन ।	जगमें रमाया मन ।
नयनेर तारा तुमि मोर,	तुम मेरे नयनोंके तारे,
अन्धेर यष्टि तुमि मोर,	अंधेकी लकड़ी-से, मेरे एक सहारे;
पलके हाराले तोमा	जो न पलकभर तुम्हें देखती,
दिशेहारा हइ,	सूझती दिशाएँ नहीं ।
अनाथिनी आमि, अभागिनी आमि,	अनाथिनी मैं, अभागिनी मैं,
तुमि मोर अञ्चलेर धन,	तुम मेरे अञ्चलके धन,
दुखिनीर जीवन-सम्बल,	दुखियाके जीवन-सम्बल,
आमार सोनार निमाइ चाँद !	कञ्चन-काय निमाई, मेरे चाँद !
केन काँद तुमि, बाप ?	क्यों तुम क्रन्दन करते, लाल !
बल, बल, कि दुःख तोमार ?	कहो, कहो? क्या दुःख है तुमको ?
प्राण दिब तव दुःख	प्राणोंकी बलि दूंगी दुःख तव
करिबारे दूर ।	दूर करने को ।
उठ, बाप ! कोले एस,	उठो, लाल ! गोदीमें आओ,
सम्बर क्रन्दन !	करो न क्रन्दन ।
(एइ बलिया शचीमाता पुत्रके क्रोडे तुलिया सस्नेहे मुख-चुम्बन करिलेन । तखन श्रीगौराङ्ग अति कष्टे जननीर मुखेर प्रति चाहिया विषाद भरे कहिलेन)	(इस प्रकार कहकर शची माताने पुत्रको गोदमें उठा कर सस्नेह मुख- चुम्बन किया । तब श्रीगौराङ्ग अत्यन्त कष्टसे जननीके मुखकी ओर देखकर विषादमें भरे हुए बोले ।)

श्रीगौराङ्ग—

मागो ! सकलि त् जान तुमि;
गया ह'ते एसे, किछु नाहि
भाल लागे मोर;
पेये धन हारायेछि आमि ।
कृष्ण मोर प्राणधन,
कृष्ण मोर जीवन,
कृष्ण मोर पिता, माता, गुरु;
दयामय सेइ कृष्ण दया क'रे
दिला देखा गयाधामे मोरे—
नवीन जलद श्याम,
द्विभुज मुरलीधर,
गोपवेश, वेणु करे,
त्रिभङ्ग बङ्किम ठामे,
दाड़ाइये कदम्बतले,
डाके मोरे निशि दिशि,
मधुर मुरली स्वरे ।
चोखेर उपरे मोर
कृष्णवर्ण एक शिशु नाचिया वेड़ाय ।
बाजाय मुरली मधु स्वरे
माझे-माझे ।
निरन्तर कर्णे शुनि आमि,
मधुर-मधुर सेइ मुरलीर ध्वनि,
मागो ! गृहे आर रइते नारे
मन ।
पेये धन हारा'लाम आमि;
केन एनु गृहे आमि,
गया धाम छाड़ि ?
जेखाने कृष्ण मोरे
दिला दरसन ।

श्रीगौराङ्ग—

माँ ! सभी कुछ हो जानती तुम;
गयासे लौटनेपर कुछ भी नहीं
भाता मुझे;
पाकर निधि हाथमें, खो दी है मैंने ।
कृष्ण मेरे प्राणधन,
कृष्ण मेरे जीवन,
कृष्ण मेरे पिता, माता, गुरुजन;
वे ही दयाधाम कृष्ण करुणा कर
दृग्गोचर हो गये मुझको गया धाममें—
नूतन जलदाभ श्याम,
द्विभुज मुरलीधर,
गोपवेश, करमें वंशी वर;
त्रिभङ्ग भङ्गिमासे ललित, बङ्किम
खड़ा हो कदम्बतले,
मुझको पुकारता अहर्निश,
मधुर मुरली-स्वरमें ।
आँखकी पुतलियोंमें मेरी
शिशु एक कृष्णवर्ण, रहता है नाचता;
फूँक देता मुरलीमें मधुर तान,
रह-रहकर ।
कानोंमें सुनता निरन्तर मैं,
मधुर-मधुर वही ध्वनि मुरलीकी,
मैया ! घरमें अब नहीं रह पाता
मन है ।
पाकर निधि हाथमें, खो दी है मैंने,
क्यों फिर लौट आया घर, मैं
छोड़कर गया धाम,
जहाँपर कृष्णने मुझको
दर्शन दिया ?

मागो ! तुमि कर आशीर्व्वाद,
पाइ जेन कृष्ण धने आमि ।
(विह्वल भावे अन्य दिके चाहिया)
कृष्ण रे ! बाप रे !
कोथा गेले तुमि ?
कोथा गेले देखा पाब तव ?
कृष्ण रे ! प्रभु रे ! मोर प्राणवन !
एक बार देखा दिये,
जुड़ाओ तापित हृदय मोर;
एक बार देखा दिये गयाधामे,
कोथाय लुकाले तुमि, नाथ !
अदर्शने प्राण गेल मोर ।
(शचीमातार प्रति चाहिया)
जाब आमि कृष्ण-अन्वेषणे,
मागो ! दाओ अनुमति ।
दूर-दूरान्तरे,—
पर्व्वत, गहन वने
सागरे वा मरूभू माझारे,
सर्व्वत्रे ढूंढ़िब आमि ।
हाराधने पेते,
प्राण यदि जाय, क्षति नाइ किछु;
कृष्ण बिने तुच्छ प्राण,
राखि किवा फल ?
मागो ! क्षमा कर ।
पुण्यवती तुमि,—
भक्तिमती तुमि,—तव पुण्यबले
कृष्णधने पाब आमि ।
आशीर्वाद कर मागो !
भाग्यहीन पुत्र तव,
जेन कृष्णधने पाइ ।

मैया री ! आशीर्वाद दे तू,
कृष्णरूपी धनको पाऊँ मैं जिससे ।
(विह्वल भावसे दूसरी ओर देखकर)
हे कृष्ण ! हे नाथ !
कहाँ तुम चले गये ?
कहाँ जाऊँ जहाँ तुम्हें देख पाऊँ ?
हे कृष्ण ! हे प्रभो ! हे मेरे प्राणधन !
एकबार दर्शन दे,
शीतल करो मेरे तप्त हृदयको;
एकबार झलक दिखाकर गयामें,
कहाँ छिपे, नाथ, तुम ?
दर्शन बिना प्राण मेरे बिदा हुए ।
(शचीमाता की ओर देखकर)
जाऊँगा मैं कृष्णकी खोजमें,
मैया री ! अनुमति दे ।
दूर देशमें, सुदूर देशमें—
पर्वत प्रदेशमें, गहन वनमें,
सागरमें अथवा मध्य मरुभूमिके
सर्वत्र मैं ढूँढूँगा ।
खोया धन पानेके प्रयासमें
प्राण यदि चले जायें, कुछ भी न क्षति है;
कृष्ण बिना तुच्छ प्राण
रखनेमें लाभ क्या ?
मैया री ! क्षमा कर ।
पुण्यवती तू है,
भक्तिमती तू है—तेरे पुण्यबलसे
कृष्णधन पाऊँगा मैं ।
मैया री ! दे आशीर्वाद,
भाग्यहीन पुत्र तव,
जिससे पाये कृष्णधन ।

गीत

(आमि) कृष्ण अन्वेषणे जाव
दाओ मा। विदाय।
(ऐ) कदम्ब तलाते बसि,
आड़े चेये हासि हासि,
आमार कृष्ण आमार तरे
वेणु बाजाय॥
(से जे) वामे हेले वेणु करे,
डाकछे मोरे मधु स्वरे,
आय रे नदिया चाँद
आय आय आय।
काल शशीर वंशी शुनि
रइते नारि घरे आमि
आमार कृष्ण आमाय डाके
दाओ मा। विदाय॥

कृष्ण-खोजमें मैं जाऊँगा,
माँ। दे दान विदाका रे।
छिपकर बैठ कदम्ब सहारे,
हँस-हँस मेरी ओर निहारे,
मेरे लिये कन्हैया मेरा,
वंशी मधुर बजाता रे॥
टेढ़े होकर मुरली धारे,
मीठे स्वरमें मुझे पुकारे,
आ जा रे नदियाका चंदा,
आ जा, आ जा, आ जा रे।
कृष्णचन्द्रकी वंशी सुनकर,
मुझसे रहा न जाता घरपर,
मेरा कृष्ण पुकारे मुझको,
माँ दे दान विदाका रे॥

शचीमाता—
सोनार निमाइ चाँद !
बाप आमार ! बाछा आमार !
सम्वर रोदन,—स्थिर कर चित,
धैर्य्य धर बाप !
दयामय कृष्ण सर्व्वत्र विद्यमान,
गृहे वसि पावे
तुमि दरशन ताँर;
भाग्यवती आमि,
गर्भे धरि तोमा हेन पुत्रधने;
श्रीकृष्ण भजन कर बाप
गृहे रहि सस्त्रीक हइये;
पिता-पितामह तव,
मातामह आदि जत पूज्य गुरुजन,
छिलेन कृष्णभक्त सकलेइ;
गृहस्थ आश्रमे थाकि,
तारा सब लभियाछेन सद्‌गति।

शचीमाता—
सोनेके निमाई ! मेरे चाँद !
वत्स मेरे ! छौना मेरे !
रोओ मत, स्थिर करो चित्त,
धैर्य्य धरो तात !
दयामय कृष्ण सर्वत्र विद्यमान,
घरमें ही रहकर मिलेगा
तुम्हें दर्शन उनका।
भाग्यवती हुई मैं,
गर्भमें धारणकर तुम समान पुत्रधन;
श्रीकृष्ण-भजन करो तात !
घरमें ही रहकर पत्नी-सहित
पिता-पितामह तव,
मातामह आदि जितने भी पूज्य गुरुजन,—
थे सभी कृष्ण-भक्त।
गृहस्थाश्रममें ही रह,
उन सबने सद्‌गतिको प्राप्त किया।

उच्च वंशे जन्म तव,	जन्म उच्चकुलमें तुम्हारा हुआ,
भक्त-वंशधर तुमि,	भक्त-वंश-दीपक तुम,
श्रीकृष्ण-भजन तव वंशेर करम ।	श्रीकृष्ण-भजन ही कुलाचरण तुम्हारा है ।
कभु नाहि बाधा दिब,	बाधा नहीं दूंगी कभी,
श्रीकृष्ण-भजने आमि ।	श्रीकृष्ण-भनमें मैं ।
तबे एकमात्र अनुरोध,	किंतु अनुरोध एकमात्र यह--
गृहे रहि भज कृष्ण	घरमें रह भजो श्रीकृष्णको
सस्त्रीक हइये;	पत्नी-सहित ।
वंशेर प्रदीप तुमि,	वंशके प्रदीप तुम,
कुलेर माणिक तुमि,	कुलके माणिक्य तुम,
उज्ज्वल कर बाप पितृ-मातृ-कुल;	पितृ-मातृ-कुलको उज्ज्वल करो, तात;
गृहे रहि श्रीकृष्ण-भजनानन्दे	घरमें रह कृष्ण-भजनानन्दसे
तुष्ट कर मन;	तुष्ट करो मनको;
जननीर राख अनुरोध ।	जननीका स्वीकार करो अनुरोध ।
(ऊर्ध्व दृष्टे कर जोड़े श्रीकृष्ण निकटे प्रार्थना)	(आकाशकी ओर देखते हुए कर जोड़कर श्रीकृष्णसे प्रार्थना)
हे कृष्ण ! करुणासिंधु !	हे कृष्ण ! करुणा-सिन्धु !
स्वामी निले,	स्वामीको बुला लिया,
पुत्र वनवासे दिले,	सुतको वनवास दिया,
अवशिष्ट सबे मात्र आछे एक जन,	बचा केवल एक जन--
मोर प्राणेर निमाइ चाँद	मेरे प्राणोंका निमाई चाँद,
जीवन-सर्व्वस्व;	जीवन-सर्वस्व ।
बड़ अभागिनी आमि,	महा अभागिनी मैं
अनाथिनी मोर सम नाइ केह,	कोई नहीं मुझ-सी अनाथिनी है,
एइ पृथ्वीते;	इस वसुमतीपर ।
हे कृष्ण करुणासिन्धु !	हे कृष्ण ! करुणासिन्धु !
कर जोड़े मागि वर	हाथ जोड़ मागूं वर,
तोमार चरणे,	चरणोंमें पड़ तुम्हारे--
सुस्थ चित्ते घरे राख	सुस्थिर-चित्त कर रक्खो घरमें
मोर विश्वम्भरे ।	मेरे विश्वम्भरको ।

किछु नाहि चाहि आमि,	कुछ भी नहीं चाहती मैं,
बिना एइ वर।	इस वरके अतिरिक्त।
हे कृष्ण! हे दयामय!	हे कृष्ण! हे दयामय!
करुणासागर!	करुणाके सागर हे!
दाओ हे सुमति प्रभु	प्रभु हे! दो सुमति ऐसी
पुत्रधने मोर,	मेरे पुत्रधनको,
से गृहे रहि भजूक तोमारे।	जिससे वह घरमें रह भजन तुम्हारा करे।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
श्रीगौराङ्ग—(निज मने)	**श्रीगौराङ्ग**— (मन-ही-मन)
जानि ना, कि इच्छा कृष्णेर;	पता नहीं, चाहते क्या श्रीकृष्ण;
दुखिनी जननी मोर,	दुःखकी मारी मेरी मैया,
पुत्र बिना किछु नाहि जाने,	पुत्रके सिवा कुछ नहीं जानती;
प्राणसमा प्रियतमा पति बिना,	प्राणसमा प्रियतमा भी स्वामीको छोड़कर
किछु नाहि बूझे;	जानती न बूझती कुछ;
सुकठिन स्नेहेर बन्धन,	कितना कठिन स्नेह-बन्धन,
पतिप्राणा कामिनीर	पति-प्राणा कामिनीका
सुदृढ़ प्रणय-पाश,	सुदृढ़ प्रणयपाश;
केमने वा छिन्न करि,	कैसे उसे तोड़ूँ मैं?
कि करि उपाय?	कौन-सा उपाय करूँ?
संसार-बन्धने आर,	सांसारिक बन्धन अब
मन नहीं माने;	मन मेरा करता स्वीकार नहीं।
कृष्णप्रेम, सब चेये बड़;	कृष्णप्रेम सबसे बड़ा
कृष्ण-प्रेम-वन्या-जले,	कृष्ण-प्रेमकी बाढ़में
पितृस्नेह, मातृस्नेह, भार्य्याप्रेम,	पितृ-स्नेह, मातृ-स्नेह, भार्य्या-प्रेम,
सब भेसे जाय;	हो जाते विलीन सभी,
संसार-सुख हय विषमय वोध;	विषमय प्रतीत होता है लौकिक-सुख;
श्रीकृष्ण-भजन तरे	श्रीकृष्ण-भजन-पथमें,
प्रतिकूल संसार-बन्धन।	कण्टकसम बन्धन संसारके।
सर्व्वत्यागी हये कृष्ण ना भजिले	सर्व-त्यागी होकर, किये बिना कृष्ण-भजन
गोलोकेर निधि,—प्रेमधन,—	गोलोक-सम्पदा—प्रेम-निधि,—
प्राप्ति नाहि हय।	प्राप्त नहीं होती।

ह'ब गृहत्यागी श्रीकृष्णेर तरे,	भवन-त्याग करूँगा लिये श्रीकृष्णके–
ह'ब सर्व्वत्यागी,––जेइ जाहा बले ।	सर्व-त्याग करूँगा, कोई चाहे कहे कुछ ।
जगत-संसार, माता-परिवार,	जगत-संसार तथा, जननी परिवार तथा,
धन, जन, बन्धु––ऐहिक सम्पद,	धन-जन, भाई-बन्धु, सम्पदा यहाँकी सभी,
धर्म्म, कर्म्म, याग, यज्ञ, व्रत, आचरण–	धर्म-कर्म, याग-यज्ञ, व्रत-पालन,
सर्व्व त्यजि श्रीकृष्ण-भजने	परित्याग कर सबका, श्रीकृष्ण-भजनको
मन चाय;	ललकता है मन ।
कृष्णेर इच्छा इहा,	यही श्रीकृष्ण-इच्छा-
कि करिब आमि ?	फिर मैं क्या करूँगा ?
पूर्ण हउक इच्छा ताँर,	पूरी हो उनकी चाह,
इच्छामय तिनि;	वे ही हैं इच्छामय ;
ए संसारे आमि नट,	इस जगमें मैं हूँ नट,
तिनि सूत्रधार ।	वे हैं सूत्रधार ।
के आमि ?	वास्तवमें कौन मैं ?
कि सम्बन्ध कृष्ण सने मोर ?	कृष्णके साथ मेरा सचमुच सम्बन्ध क्या ?
माया वशे भूले गेछि;––	भूल गया माया-वश;
राक्षसी-पिशाची माया सर्व्वभावे	राक्षसी-पिशाची भव-मायाने पूर्णतया
ग्रासियाछे मोरे;	ग्रस लिया मुझको ;
साध करे परियाछि गले,	ललककर मैंने भी डाल ली गलेमें
माया-फाँस ।	मायाकी फाँसी ।
कृष्णदास आमि––	'मैं हूँ श्रीकृष्ण-सेवक'––
भूले गेछि एकेबारे ।	एकदम भूल गया;
कृष्ण भूलि हइयाछि	भूलकर कृष्णको बन गया
संसारेर दास ।	दास संसारका ।
गुरु-कृपा-बले,––बुझियाछि एवे––	गुरुकी कृपासे,––जान लिया अब है––
सार कथा,––सार तत्व,	सार कथा, सार तत्व––
सर्व्वत्यागी हये, कृष्ण ना भजिले	सर्वस्व त्यागकर कृष्ण-भजन किये बिना
प्राप्ति नाहि हय ।	होती नहीं प्राप्ति है ।
मोर सब एक दिके,––	मेरा सब एक ओर,
आर कृष्ण एक दिके,––	और कृष्ण एक ओर ।

सर्व्वत्यागी ह'ये	होकर सर्वत्यागी मैं
करिब श्रीकृष्ण-भजन;—	करूँगा श्रीकृष्ण-भजन—
ध्रुव ए संकल्प मोर;	यही मेरा दृढ़ निश्चय।
कृष्ण रे ! प्रभु रे ! बाप रे !	कृष्ण हे ! प्रभु हे ! तात हे !

हृदे मोर दाओ बल,	हृदयमें दो बल मेरे,
शक्ति दाओ मने,	मनमें दो शक्ति भर,
दुश्छेद्य संसार, बन्धन ह'ते,	दुश्छेद्य बन्धनसे जगके
अविलम्बे जेन मुक्त हइ।	जिससे अविलम्ब मुक्त हो जाऊँ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)

—:०:—

प्रथम अङ्क ।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गेर टोल वाड़ी ।
पड़ुयागण आसीन ।
(प्रेमोन्मत्त श्रीगौराङ्गेर प्रवेश, पूंथि राखिया पड़ुयागणेर उत्थान एवं श्रीगौराङ्गके अभिवादन)

श्रीगौराङ्ग—

छात्रगण ! आज ह'ते
पाठ बन्ध तोमादेर;
अनुरोध मोर—
भज कृष्ण, कह कृष्ण, लह कृष्ण-नाम ।
हरि वलि पुथि बाँध,
उच्चकण्ठे बल "हरि बोल" ।

देख ! सूत्र-वृत्ति-टीका माझे,—लेखा
केवल हरिनाम;
अक्षरे-अक्षरे देख,
विद्यमान श्रीकृष्ण स्वयं ।
सर्व्वकाल सत्य कृष्णनाम ।
अज-भव आदि सबे,
कृष्णेर किंकर ।
सर्व्व शास्त्रे सार कहे,
कृष्णपद भक्ति धन;
ज्ञानी अध्यापक,—कृष्णेर मायाय
मुग्ध सबे;
ताइ तारा देय अन्य पाठ,
छाड़ि कृष्ण नाम, सूत्र-वृत्तिर

दृश्य—श्रीगौराङ्गकी पाठशाला ।
विद्यार्थीगण बैठे हैं ।
(प्रेमोन्मत्त श्रीगौराङ्गका प्रवेश, पोथी रखकर विद्यार्थीगणका उठना और श्रीगौराङ्गका अभिवादन करना)

श्रीगौराङ्ग—

छात्रगण ! आजसे
बंद तुमलोगोंका पठन-पाठन;
मेरा यह आग्रह है—
भजो कृष्ण, कहो कृष्ण, कृष्णनाम लो
कहकर 'हरि हरि' पुस्तकको बाँध दो,
बोलो उच्च स्वरसें "हरि बोल,
हरि बोल ।"

देखो! सूत्र, वृत्ति, टीका-सभीमें तो लिखा है
केवल हरिनाम ;
अक्षर-अक्षरमें देखो
विद्यमान श्रीकृष्ण स्वयं ।
सर्वकाल सत्य श्रीकृष्णनाम ।
अज, भव आदि सभी—
किंकर कन्हैयाके ।
सार यही वर्णित सर्व शास्त्रोंमें—
कृष्ण-पद-पङ्कजमें भक्ति, ही धन है ।
कृष्णकी मायासे ज्ञानी अध्यापक
सभी मोहित हैं ;
इसीसे पढ़ाते वे भिन्न वस्तु,
कृष्णनाम छोड़कर सूत्र और वृत्तियोंका

अन्य व्याख्या करे;	करते विपरीत अर्थ ।
पड़ियाओ सर्व्व शास्त्र	सर्वशास्त्र पढ़कर भी
दुर्गति तादेर;	दुर्गति ही मिलती उन्हें;
ना बुझे शास्त्रेर मर्म,	समझ नहीं पाते हैं, शास्त्रके मर्मको
गर्द्दभेर प्राय तारा	गर्दभ-समान वे
शास्त्र बहि मरे;	शास्त्रोंका बोझ लादे मरते हैं;
पड़िया-शुनिया लोक	पढ़-लिखकर दुनिया यह
गेल छारेखारे ।	मिल गयी धूलमें ।
हाहाकार घरे-घरे,	मच रहा घर-घरमें हाहाकार,
कारओ मने नाहि शान्ति,	शान्ति नहीं मनमें किसीके भी ;
वञ्चित हइल सबे, निजकर्मफले	निज कुटिल कर्मोंके फलस्वरूप सभी वञ्चित हुए
कृष्णप्रेम महाधने ।	कृष्णप्रेमरूपी महान् सम्पत्तिसे ।
ब्रह्मादि देवतागण, कृष्ण नामे——	ब्रह्मादिक देवतागण, कृष्णनाम
उन्मत्त, विह्वल;	ले-लेकर विह्वल, उन्मत्त बने;
छाड़ि हेन कृष्ण नाम,	ऐसा कृष्ण-नाम छोड़,
करे लोके अन्य मन;	लोगोंका मन जाता अन्य ओर;
धन-कुल-विद्या-मदे	धन-कुल-विद्या-मदसे
उन्मत्त ताहारा ;	हो रहे हैं पागल वे ।
कृष्णनाम——हरिनाम,——कि जे वस्तु,	वस्तु क्या है कृष्ण नाम, हरि नाम——
तारा जानिबे केमने ?	जानेंगे कैसे वे ?
छात्रगण ! तुमि सवे	छात्रगण ! तुम सबका
वालक-स्वभाव;	बालक-स्वभाव है;
सत्य वचन कहि, सुन मन दिया——	कहता हूँ सत्य वचन, मन देकर सुनो उसे—
तोमरा भजिले कृष्ण ए वाल्य-वयसे,	इस वाल्यकालमें ही कृष्ण-भजनसे तुम्हारे
बाल-भाषे अकपटे डाकिले ताँहारे;	बाल-भाषासे बिना कपट उन्हें पुकारनेपर
दरशन दिबेन दयामय	दर्शन देंगे दयालु
श्रीकृष्ण आमार ;	मेरे श्रीकृष्णचन्द्र;
वालबन्धु तिनि, वाल्यसखा तिनि,	वे हैं बाल-बन्धु, वे बाल-सखा,
भक्तवर प्रह्लाद ध्रुवेर कथा,	भक्तवर प्रह्लाद तथा ध्रुवकी कथा,

तोमरा शुनियाछ सबे;
बालमति शिशुप्राण,
श्रीकृष्ण-भजनोपयोगी,
महाजन-वाक्य इहा, शास्त्रसम्मत।

तुम सबने सुनी है;
बाल-मति शिशु-जीवन,
श्रीकृष्ण-भजनोपयोगी—
महाजन-वाक्य यह है, शास्त्र-सम्मत।

गीत

छेले कालइ हरिनामेर
अधिकारेर मूल,
मने रयना (तखन) विषय-बेड़ा,
(जड़े) बुद्धि थाके स्थूल।
यूवा-वृद्धेर चिन्ता नाना॥
(तादेर) शीघ्र जाय ना (सत्) पथे आना
मने रय विषयेर टाना,
तादेर स्वस्वरूप हय भूल॥
कचि मन कोमल सहजे,
सरल मन सहजे मजे
बालक प्राणेर व्याकुल डाके
व्रजेर काल बँधु हय आकुल।
छेले काले भजले हरि,
कृपा करेन वंशीधारि
आहा! से केमन सुशोभा,
(फोटे येन) चारा गाछे फूल॥
(पडुयागणेर प्रति पुनराय चाहिया)

जमता हरि-नामाधिकारका
जड़ बचपनमें ही केवल।
तब न विषयका बन्धन मनमें,
होती भोली बुद्धि सरल॥
युवा-वृद्धको चिन्ता नाना,
उन्हें कठिन सत्पथ पर लाना,
रहता मन विषयोंमें साना,
जाती स्मृति स्वरूपकी टल॥
अपरिपक्व मन सहज सुकोमल,
सहज सरल मन जाता है ढल,
बालक-प्राणाकुल पुकार पर
हो उठता साँवलिया विह्वल॥
बचपनमें हरिको भजनेपर,
करते कृपा मधुर-मुरलीधर।
कैसी दिव्य अहा! वह शोभा,
क्षुपपर हो खिल उठा कुसुम-दल॥
(पुनः विद्यार्थियोंकी ओर देखकर)

श्रीगौराङ्ग—

छात्रगण! कि इच्छा तोमादेर—
बल प्रकाश करिये;
श्रीकृष्ण-भजने तुल्य अधिकार,
बाल-वृद्ध-युवार—नाहि कालाकाल,
ध्वंशशील मानव-जीवन,
कलि-जीवेर अल्प परमायु।
अनित्य ये देह;
आज आछे—
काल ना थाकिते पारे।

श्रीगौराङ्ग—

छात्रगण! इच्छा क्या तुम्हारी है?
कह डालो खोलकर।
श्रीकृष्ण-भजनमें तुल्य अधिकार है
बाल, वृद्ध, युवाका—कालका विचार नहीं,
ध्वंसशील जीवन है मानवका
कलियुगके प्राणियोंकी होती अल्पायु परम।
देह यह अनित्य है
आज तो वर्तमान है—
कल रहे, न रहे।

नाहि प्रयोजन मुहूर्त्त-विलम्बे,
कह कृष्ण, भज कृष्ण, लह कृष्ण-नाम;
अहर्निशि कर सबे
नाम-संकीर्त्तन ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।।

प्रधान छात्र—
गुरुदेव ! आपनि आमादेर पिता-माता, भाइ-बँधु, सकलि । आपनाके भिन्न आमरा आर काहाकेओ जानि ना । आपनार आदेश आमादेर शिरोधार्य्य ।

(एइ वलिया "हरिवोल" वलिया छात्रगण पूँथिर डोर वाँधिल)

श्रीगौराङ्ग—
एस वाप ! कोले करि तोमादेर
जुड़ाइ जीवन ।
हरि-नामे रति-मति
बहु भाग्ये हय;
महाभाग्यवान तुमि सबे,
कृष्णेर दयित;
एस, सबे मिलि करि
कृष्ण-नाम-संकीर्तन ।

(खोल-करताल-योगे नृत्य ओ कीर्त्तन)

हरि हरये नमः कृष्ण यादवाय नमः ।
यादवाय माधवाय केशवाय नमः ।।
गोपाल गोविन्द राम श्रीमधुसूदन ।।

(गङ्गादास पण्डितेर प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग—
करि प्रणिपात चरणे तोमार, गुरुदेव !

गङ्गादास—
विश्वम्भर ! करि आशीर्व्वाद,—

वाञ्छित विलम्ब नहीं क्षण भरके भी लिये,
कहो कृष्ण, भजो कृष्ण, रटो कृष्ण-नाम;
अहर्निश करो सभी
नाम-संकीर्तन ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।।

प्रधान छात्र--
गुरुदेव ! आप हमारे पिता-माता, भाई-बन्धु, सभी कुछ हैं । आपके अतिरिक्त हम और किसीको नहीं जानते । आपका आदेश हमारे सिरमाथे ।

(यों कहकर "हरिवोल" कहते हुए छात्रोंने पुस्तकोंके वस्ते बाँध लिये ।)

श्रीगौराङ्ग--
आओ तात ! तुमको ले गोदमें
शीतल करूँ जीवनको ।
हरिनामके प्रति रति-मति
होती बड़े भाग्यसे;
वड़े भाग्यशाली हो तुम सब,
कृष्णके प्यारे हो ;
आओ, सब मिलकर करें
कृष्ण-नाम-संकीर्तन ।

(खोल एवं करतालके साथ नृत्य और कीर्त्तन)

हरि हरये नमः कृष्ण यादवाय नमः ।
यादवाय माधवाय केशवाय नमः ।।
गोपाल गोविन्द राम श्रीमधुसूदन ।।

(गङ्गादास पण्डितका प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग--
गुरुदेव! चरणोंमें आपके करता प्रणाम हूँ ।

गङ्गादास--
विश्वम्भर ! आशीर्वाद देता हूँ--

चिरजीवि रह,	होश्रो चिरजीवी,
विद्यालाभ हउक तोमार।	विद्यालाभ तुमको हो।
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
श्राचार्य्य ! कर श्राशीर्व्वाद मोरे,	दीजिये, श्राचार्य ! मुझे ऐसा श्रासीस श्राप !
कृष्ण-पाद-पद्मे जेन रति-मति रहे।	कृष्ण-पद-पद्मोंमें जिससे रति-मति रहे।
इहा भिन्न श्रन्य श्राशीर्व्वाद	इसके सिवा श्रन्य श्राशीर्वाद
नाहि चाहि श्रामि, गुरुदेव !	मैं नहीं चाहता हूँ, गुरुदेव !
विद्यालाभे बाड़े श्रभिमान,	विद्यालाभ होनेसे बढ़ता है श्रभिमान,
श्रीकृष्ण-भजने मति नाहि हय ;	श्रीकृष्ण-भजनमें होती नहीं मति है ;
हेन विद्याधने किवा लाभ, बल ?	ऐसे विद्यालाभसे, कहिये भला, लाभ क्या ?
गङ्गादास—	**गङ्गादास—**
ताइ हबे, बाप विश्वम्भर !	तथास्तु। तात ! विश्वम्भर !
एकटि कथा बलिते एसेछि श्रामि,	श्राया हूँ कहने में एक बात,
शुन मन दिया :	सुनो लगा मनको :
ब्राह्मणेर श्रध्ययन-श्रध्यापना	विप्र-जातिके लिये पढ़ना-पढ़ाना
नहे श्रल्प भाग्य ;	नहीं श्रल्पभाग्य-विषय।
मातामह तव चक्रवर्त्ती नीलाम्बर,	नीलाम्बर चक्रवर्ती नाना तुम्हारे,
जगन्नाथ मिश्र पुरंदर पिता तव,	पिता तुम्हारे पुरंदर जगन्नाथ मिश्र,
उभये पण्डित, उभयेइ भक्तराज,	दोनों ही पण्डित थे, दोनों ही भक्तराज,
सर्व्व लोके जाने।	सभी लोग जानते हैं।
तुमिश्रो परम योग्य वंशधर,	तुम भी हो उनके परम योग्य वंशधर,
विद्याधने धनी।	विद्याविभवके धनी।
उपदेश मोर—	उपदेश मेरा यह—
श्रध्ययन-श्रध्यापना ना छाड़िश्रो, बाप !	पढ़ना-पढ़ाना तात ! त्यागना न तुम ;
तव पिता, पितामह, मातामह श्रादि	तव पिता, पितामह, मातामह श्रादि
छिलेन श्रध्यापक-शिरोमणि ;	श्रध्यापक-शिरोमणि थे ;
भक्ति-धर्म्मे ताँहादेर छिल ना कि रति ?	क्या न भक्ति-धर्ममें उनकी श्रनुरक्ति थी ?
बुद्धिमान तुमि, ज्ञानवान तुमि—	तुम हो बुद्धिमान्, ज्ञानवान् तुम हो—
इहा बुझि, कर श्रध्ययन श्रार श्रध्यापना।	ऐसा विचार कर पढ़ो-पढ़ाश्रो तुम।

एइ सब छात्रमण्डली	सारी छात्र-मण्डली यह
तोमा गतप्राण;	तुमम गतप्राणा है ।
दूर-दूरान्तर ह'ते, छाड़ि पिता-माता,	दूर-दूरान्तरसे, त्याग पिता-माताको,
छाड़ि गृहवास, एइ नवीन वयसे	घर-बार छोड़, इस छोटी अवस्थामें
आसियाछे तव काछे करिते पठन ।	पढ़नेको आये हैं तुम्हारे पास ।
शिक्षा दाओ कृष्णभक्ति इहादेर,	शिक्षा दो इन्हें कृष्ण-भक्तिकी,
आर कर अध्यापना;	और अध्यापन करो;
तुमि ओ बालक एबे,	तुम भी हो बालक अभी,
कर अध्ययन, बाप विश्वम्भर !	अध्ययन करो, तात विश्वम्भर हे !
एइ मोर अनुरोध ।	मेरा अनुरोध यही ।
श्रीगौराङ्ग--	**श्रीगौराङ्ग--**
आचार्य्य ! गुरुदेव !	आचार्य ! गुरुदेव !
श्रीचरण-प्रसादे तव, एइ नवद्वीपे	कृपासे आपके श्रीचरणोंकी, इस नवद्वीपमें
के पारे जिनिते मोरे विद्या-युद्धे ?	कौन जीत सकता मुझे विद्याके युद्धमें ?
विद्यावले बलीयान आमि	विद्याके बलसे बना बलशाली मैं
तव कृपा-बले;	आपकी कृपासे ।
किंतु नाइ भक्ति-बल मोर;	भक्ति-बल किंतु नहीं मुझमें है ।
विद्यार गौरवे ह'ये अभिमानी,	विद्याके गौरवसे भरा अभिमानमें
बेड़ाइ सगर्व्वे एइ नदीया नगरे ।	घूमता सगर्व हूँ नदिया नगरमें इस ।
कारओ नाहि ग्राह्य करि,	मानता किसीको नहीं;
सूत्र-वृत्ति-टीका जत,	सूत्र-वृत्ति-टीकाएँ जितनी भी,
विद्यावले नियत खण्डन-मण्डन करि ।	विद्याबलसे सदैव करता हूँ खण्डन-मण्डन
कार साध्य नवद्वीपे जिनिवे आमारे ?	किसके वशमें है मुझे जीतना नवद्वीपमें ?
शुष्क तर्क ओ विचार ल'ये	शुष्क तर्क एवं विचार-विनिमय द्वारा
करि वृथा वाक्य-व्यय निशि-दिन ।	करता हूँ अहर्निश वाणीका व्यर्थ व्यय ।
गुरुदेव ! आर नाहि भाल लागे इहा ।	गुरुदेव ! अब नहीं अच्छा यह लगता है ।
संसारे आसिया कृष्ण ना भजिनु,	आकर संसारमें भजा नहीं कृष्णको,
ना लइनु सर्व्वविघ्नहारी कृष्ण-नाम;	न तो लिया सर्व-विघ्नहारी श्रीकृष्ण-नाम;
विद्यार गौरवे, शुष्क विचार ओ तर्के,	विद्याके गौरवमें, शुष्क विचारों तथा तर्कोंसे
हृदि मन हइल कठिन ।	हृदय और मन कठोर हो गये हैं ।

कठिन हृदयासने बल देव! बल, बल——
व्यथाहारी श्रीकृष्णधनेर,
कोमल चरणस्पर्श हइबे केमने ?
व्यथा जे लागिबे——
ताँर कोमल पद-कोकनदे।
तिनि बसिबेन केन कठिन हृदयासने ?
रसिक-शेखर कृष्ण रसेर आकर;
निरस हृदये ताँर नाहि हय अधिष्ठान।

(ऊर्ध्वे चाहिया)

हे कृष्ण करुणासिन्धु!
आमार कि ह'बे उपाय ?
विद्या-अभिमान दिये,
सरस हृदय मोर करिले कठिन;
एवे मनागुने ज्वले
पुड़े मरि।
कृपा कर, कृपानिधि!
अभिमान-शून्य ह'ये,
तव पदे जेन करि हे आश्रय।

(गङ्गादास पण्डितेर प्रति चाहिया कर जोड़े)

गुरुदेव! तव पदे मिनति आमार——
आर ना बलिओ तुमि
भक्तिशून्य विद्याधन अर्ज्जिते आमाय,
वृथा ओ शुष्क तर्क-विचार-गर्त्ते
डूबिते आबार।
तव पदे एइ मोर शेष निवेदन।

कठिन हृदयासनपर कहो देव! कहो, कहो—
व्यथाहारी प्रियतम श्रीकृष्णका
कोमल चरणस्पर्श किस प्रकार होगा ?
व्यथा जो होगी——
उनके सुकोमल पद-कोकनदको।
कैसे वे बैठेंगे कठिन हृदयासनपर ?
कृष्ण, रसिक-शेखर वे, रसके निधान हैं;
नीरस हृदयमें नहीं उनका होगा निवास

(ऊपर देखकर)

हे कृष्ण! कृपासिन्धो!
मेरा क्या उपाय होगा ?
विद्या-अभिमान दे,
सरस हृदय मेरा कठिन बना दिया;
अब तो मनस्ताप-ज्वालामें
जलकर प्राण विदा ले रहे।
कृपा करो, कृपा-निधि!
होकर अभिमान-रहित
जिससे तुम्हारे चरणोंमें ले सकूँ आश्रय हे!

(गङ्गादास पण्डितकी ओर देखकर तथा हाथ जोड़कर)

गुरुदेव! चरणोंमें आपके विनती है मेरी,—
अब नहीं कहियेगा आप
भक्ति-शून्य विद्याधन अर्जन करनेको मुझे
व्यर्थके तथा शुष्क तर्क-विचारोंके गर्तमें
पुनः डूबनेके लिये।
आपके चरणोंमें मेरा यही अन्तिम निवेदन है।

गीत

कृष्ण हे! प्रभु हे!
हृदय - मन्दिरे मोर
उदय हओ हे।

कृष्ण हे! प्रभो हे!
मेरे हृदय-गगन में होकर
उदित चन्द्रसम आओ।

उषर हृदि मोर
सरस कर हे ॥
हृदय-मन्दिरे बस,
विथरिये प्रेम-रस;
कठिन प्राण मोर
कोमल कर हे ।
अभिमाने भरा हृदि
(तुमि) कोमल कर यदि,
तबे आसि हृदि माझे
नृत्य कर हे ।
तापित प्राण मोर
शीतल कर हे ॥

गङ्गादास—

बाप विश्वम्भर ! निमाइ !
के तुमि ? बूझिते ना पारि ।
तव मुखे श्रीकृष्ण कहेन कथा,
हेन मने लय;
अथवा तुमिइ सेइ कृष्णधन !
किछु बूझिते ना पारि ।
बड़ सुख पाइलाम आजि
तव मुखे उच्च भक्ति-तत्त्वेर
शुनिया व्याख्यान;
प्रकृत भक्तिर पथ,
प्रकृत भजन-पन्था,
तुमि मोरे देखाइले आजि,
बाप विश्वम्भर !
तुमि मोर गुरु,
तुमि पथप्रदर्शक;
नाहि आमि तव गुरु एइ काजे ।
भक्ति-शिक्षा दिये तुमि
कृतार्थ करिले मोरे ।
तोमा ह'ते एइ उच्चभक्ति-तत्त्व

मेरे ऊसर हृदय-स्थलमें
बरस उसे सरसाओ ॥
हृदय-भवनमें बैठो आकर,
प्रेम-सुधासे उसको दो भर;
कुलिश समान कठिन प्राणोंको
मेरे मृदुल बनाओ ।
अभिमान-भरा मम अन्तस्तल,
तुम इसे बना दो यदि कोमल,
तब हृदय-वेदिकापर मेरे
तुम आकर रास रचाओ ।
संतप्त त्रितापोंसेमेरे
प्राणोंको तुरत जुड़ाओ ॥

गङ्गादास—

तात विश्वम्भर ! निमाई !
कौन तुम ? समझ में पाता नहीं ।
मुखसे तुम्हारे श्रीकृष्ण ही बोलते हैं,
मनमें यही जँचता है;
अथवा तुम्हीं हो वे प्यारे श्रीकृष्ण !
कुछ भी समझ पाती नहीं ।
महासुख आज मैंने पाया है
मुखसे तुम्हारे उच्चभक्ति-तत्त्वका
व्याख्यान सुनकर;
वास्तविक भक्ति-पथ,
वास्तविक भजन-मार्ग,
तुमने दिखाया है मुझे आज,
वत्स विश्वम्भर !
तुम्हीं मेरे गुरु,
तुम्हीं पथ-प्रदर्शक हो;
नहीं मैं तुम्हारा गुरु इस कार्यमें ।
भक्तिकी शिक्षा प्रदानकर तुमने
कर दिया कृतार्थ मुझे ।
द्वारा तुम्हारे इस उच्चभक्ति-तत्त्वका

हइबे प्रचार पृथिवीते;	होगा प्रचार पृथ्वीतलपर;
भक्ति-रसे डूबिबे जगत,	भक्ति-रस-सिन्धुमें डूबेगा संसार,
हरिनामे भरिबे भुवन,	भुवन हो उठेगा व्याप्त हरिनामसे,
कृष्णनामे तारिबे संसार।	तारोगे विश्वको तुम कृष्णनामसे।
चिरजीवि होओ, आशीर्व्वाद करि;	चिरजीवी होओ तुम, देता हूँ आशीर्वाद;
सुखे कर बाप! श्रीकृष्ण-भजन।	सुखसे करो तात! भजन श्रीकृष्णका।

श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
गुरुदेव! प्रणिपात तव पदे	गुरुदेव! प्रणाम तव चरणोंमें
कोटि-कोटि मोर;	कोटि-कोटि मेरा है;
शिरे धरि तव आशीर्व्वाद	सिरपर धरकर तुम्हारा आशीर्वाद
सफल हइब आमि श्रीकृष्ण-भजने।	सफल मैं हूँगा श्रीकृष्ण-भजनमें।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।	हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।	हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥
(उभयेर प्रस्थान)	(दोनोंका प्रस्थान)

प्रथम अङ्क

(तृतीय गर्भाङ्क)

दृश्य : श्रीगौराङ्गेर अन्तःपुरे
शयन-कक्ष ।
श्रीगौराङ्ग धरासने आसीन—
विनत वदन
नयने प्रेमधारा ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीर प्रवेश ।)

श्रीविष्णुप्रिया—

केन नाथ ! विनत आनने,
भूमितले बसि करिछ रोदन, ?
शुनि मध्ये-मध्ये,
हा हुताश-ध्वनि,—
दीर्घश्वास पड़े घने घन ।
तुमि नाथ ! राजराजेश्वर,
चरणेर दासी तव, राजराजेश्वरी;
कि दुःखे काँदिछ, बल ?
केह कि दियेछे मने व्यथा ?
खुले बल, हृदयेश !
विरस वदन तव हेरिते ना पारि;
नयने सलिल हेरि,
विदरे पराणि,—
दीर्घश्वास शेल सम
वाजे बुके ।
बल, बल, प्राणनाथ !
कि दुःख तोमार ?
पतिप्राणा रमणीर, पति-दुख विना,

दृश्य—श्रीगौराङ्गके अन्तःपुरका
शयन-कक्ष ।
श्रीगौराङ्ग पृथ्वीपर बैठे हुए हैं,
मुख नीचे झुका हूआ है,
नयनोंसे प्रेमाश्रु झर रहे हैं ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीका प्रवेश ।)

श्रीविष्णुप्रिया—

किसलिये नाथ ! विनत-वदन,
पृथ्वीपर बैठकर करते हैं अश्रुपात, ?
सुनती हूँ बीच-बीचमें तथा,
आर्त्तध्वनि ऐसी यथा लगी हो विकट आग;
दीर्घ निःश्वास निकलते हैं अधिकाधिक ।
तुम नाथ ! राजराजेश्वर हो,
चरणोंकी दासी मैं राजराजेश्वरी;
कर रहे क्रन्दन किस दुःखसे, बताओ तो ।
किसीने क्या मनको दुखाया है ?
स्पष्ट कहो, हृदयेश !
देख नहीं सकती हूँ विरस तुम्हारा मुख;
नयनोंमें देखकर सलिल-विन्दु,
प्राण होते विदीर्ण,
दीर्घ निःश्वास करते सेल सम
छातीपर आघात ।
बोलो, बोलो, प्राणनाथ !
दुःख क्या तुमको है ?
पतिप्राणा रमणीको, पति-दुःखके सिवा,

अन्य दुःख आर किछु नाइ;	अन्य दुःख और नहीं कुछ भी;
पति-सुखे सर्व्व सुख,	पतिके ही सुखमें सर्वसुख,
पति-दुःखे जगत आँधार ।	पतिके दुःखमें जगत् अन्धकारमय ।
चरणेर दासी आमि तव,	चरणोंकी दासी मैं तुम्हारी हूँ,
प्राण दिये तव दुःख करिब मोचन;	प्राणोंकी भेंट दे दुःख तव मिटा दूँगी,
बल, बल, प्राणनाथ !	बोलो, बोलो, प्राणनाथ !
कि दुःख तोमार ?	दुःख क्या तुमको है ?
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
(विनत वदने, आपन मने)	(नीचे मुख किये, स्वगत)
कृष्ण रे ! बाप रे !	हे कृष्ण ! हे तात !
कोथा गेले पाब दरशन;	जानेपर पाऊँगा दर्शन कहाँ ?
तव अदर्शने प्राण जाय मोर,	प्राण मेरे जा रहे हैं बिना तुम्हें देखे,
देखा दिये बाँचाओ जीवने ।	देकर दर्शन बचाओ मम जीवनको ।
चोखेर ऊपरे मोर,	आँखोंके ऊपर मम
तव रूप अपरूप भासे निरन्तर;	अद्भुत तुम्हारा रूप नाचता रहता सदा;
वृन्दाविपिन माझे,	वृन्दाविपिन मध्य,
कदम्बेर मूले हेरि,	देखता कदम्ब तले,
त्रिभङ्ग-बङ्किम ठामे,	मुद्रा त्रिभङ्गी ललित,
मोहन मुरली करे,	मोहनी मुरलिकाको करमें लिये,
दाँड़ाये आछ तुमि गोप-शिशुरूप ।	खड़े हुए तुम हो गोप-शिशुरूप धरे ।
धरि धरि करि आमि,	बार-बार करता प्रयास मैं पकड़नेका,
धरिते ना पारि तोमा;	तुम्हें पकड़ पाता नहीं;
दुइ बाहु प्रसारिये वृथाय दौड़ाइ,—	फैला युग बाहोंको दौड़ता वृथा ही हूँ,—
श्यामसुन्दर हे !	श्यामसुन्दर हे !
यशोदा-नन्दन हे !	यशोदा-नन्दन हे !
एक बार देखा दिये पराण जुड़ाओ;	एकबार दर्शन दे प्राणोंको शीतल करो;
देखा यदि ना पाइ तव	प्राप्त नहीं करूँगा दर्शन तुम्हारा यदि
राखिब ना ए जीवन ।	रखूँगा नहीं इस जीवनको ।
तोमा बिना सब शून्य, सकलि आँधार ।	बिना तुम्हारे सब सूना, सब तिमिर-ग्रस्त ।
तुमि पिता, तुमि माता,	तुम्हीं पिता, तुम्हीं माता,

तुमि भार्य्या,—तुमि बन्धु,—
तुमि मोर जीवन-सम्बल ।
हे कृष्ण करुणासिन्धु !
दया करे देखा दाओ एक बार;
आर ना सहिते पारि विरह-वेदना ।
कोथा गेले देखा पाब तोमा,
के वा बले दिबे मोरे;
केइ वा आछे हेन बन्धु,
ए संसारे मोर ?

(भूमि-लुण्ठित हइया क्रन्दन)

श्रीविष्णुप्रिया—

ए कि ? बाह्यज्ञान शून्य ह'ये
कि जे बलेन,—किछु नाहि बुझि;
आमि जे दाँड़ा'ये काछे,
से ज्ञान ओ नाइ ताँर ।
कि करि ? कि क'रे बुझाइ एबे ?
आमि त बालिका, अधमा स्त्रीजाति;
कृष्णप्रेम—कृष्ण-विरह-तत्व,
कि बुझिब आमि ?
मन-व्यथा इँहार,
बुझिबार शक्ति नाइ मोर;
स्वतन्त्र पुरुष इनि,
आमि अबोधिनी नारी ।
कृष्णप्रेमे विह्वल,—पागल इनि;
बुझितेछि,—अन्य कथा
नाहि जावे काने एखन इँहार ।
कृष्ण-कथा कहि,
श्रीकृष्ण-विरह-ज्वाला निवारिते हबे ।
किंतु,—आमि जानि ना जे,—
कृष्णकथा रसमयी वाणी;

तुम्हीं भार्य्या, तुम्हीं बन्धु,
मम जीवन-सम्बल तुम्हीं ।
हे कृष्ण करुणासिन्धु !
दया कर दर्शन दो एक बार;
और सह सकता नहीं वेदना विरहकी ।
पाऊँगा दर्शन तुम्हारा कहाँ जानेपर—
कौन मुझे देगा बता;
आह ! कौन बन्धु ऐसा है,
मेरा इस संसारमें ?

(पृथ्वीपर लोटकर क्रन्दन करना)

श्रीविष्णुप्रिया—

यह क्या ? बाह्यज्ञान-शून्य हुए
बोलते हैं क्या-क्या, कुछ भी समझती नहीं?
मैं जो खड़ी पासमें,—
इसका भी ज्ञान नहीं इनको है ।
क्या करूँ ? कैसे समझाऊँ अब ?
मैं तो बस बालिका, अधमा स्त्रीजाति;
कृष्णप्रेम, कृष्ण-विरह-तत्त्व
समझूँगी क्या मैं ?
मनोव्यथा इनकी,
समझनेकी शक्ति नहीं मुझमें है;
ये हैं स्वतन्त्र पुरुष,
नारी अबोधिनी मैं ।
कृष्णप्रेममें विह्वल,—पागल हैं ये;
समझती हूँ,—अन्य बात
नहीं इनके कानोंमें जायेगी इस समय ।
कहकर कृष्ण-कथा,
कृष्ण-विरह-ज्वालाको होगा बुझाना ।
किंतु, मैं तो नहीं जानती हूँ
कृष्ण-कथारूपी रसमयी वाणी ।

कृष्णनाम शुनियाछि, इँहारइ वदने,	कृष्ण-नाम सुना है, इन्हींके मुखसे,
'हरेकृष्ण' नामे मधु क्षरे	'हरे कृष्ण' नामसे मधु झरता है--
बुझियाछि इहारि कृपाय।	जान पायी हूँ इन्हींकी कृपासे।
'हरेकृष्ण' नामे सर्व्वापद हरे,	हरता है विपदा सब 'हरेकृष्ण' नाम
सर्व्व विघ्न जाय दूरे,	होते सब विघ्न दूर—
शुनियाछि साधु-मुखे इहा।	सुना है साधुओंके मुखसे यह।
एइ विपद-समये,	इस विपत्-कालमें
एक बार श्रीहरि-स्मरण करि,	एक बार श्रीहरिका स्मरणकर--
'हरेकृष्ण' बलि डेके देखि,	'हरे कृष्ण' बोल--पुकारकर देखूँ तो,
यदि ताते इँहार हय बाह्यज्ञान;	इससे लौट आता है बाह्य-ज्ञान इनका क्या!
(श्रीविष्णुप्रिया देवीर श्रीगौराङ्गेर भूमि-लुण्ठित देहे धीरे-धीरे हस्त प्रदान, ताँहार कर्णविवरे 'हरेकृष्ण' नाम तिनवार दान, ताँहार वाह्यज्ञान-प्राप्ति)	(श्रीविष्णुप्रिया देवीका श्रीगौराङ्गके भूमि-लुण्ठित तनपर धीरेसे हाथ रखना, उनके कर्ण-कुहरोंमें 'हरेकृष्ण' नामका तीन बार उच्चारण करना और उनको वाह्य-ज्ञानकी प्राप्ति।)
श्रीगौराङ्ग--	**श्रीगौराङ्ग--**
(धीरे-धीरे उठिया बसिया)	(धीरे-धीरे उठते हुए बैठकर)
के तुमि? विष्णुप्रिये?	कौन तुम? विष्णुप्रिया?
आहा कि मधुर नाम,	अहा! कैसा मधुर नाम,
शुनाइले आजि मोरे तुमि;	सुनाया आज तुमने मुझे;
पिपासित कर्ण मोर करिले शीतल!	प्यासे मम कानोंको शीतल कर दिया!
तव मुखे 'हरेकृष्ण' नाम शुनि	मुखसे तुम्हारे 'हरेकृष्ण' नाम सुन
जुड़ाइल मन-प्राण मोर;	शीतल हुआ मेरा प्राण, मेरा मन;
भाग्यवती तुमि,—भक्तिमती तुमि	भाग्यवती तुम हो, भक्तिमती तुम,
नामरूपी कृष्णचन्द्र विराजेन	नामके रूपमें विराजते श्रीकृष्णचन्द्र
तोमार जिह्वाय;	जिह्वा तुम्हारी पर।
जिह्वा तव कृष्ण-नाम-गाने रत;	कृष्ण-नाम-गान-रत जिह्वा तुम्हारी है;
तुमि कृष्णदासी;	तुम कृष्णदासी हो;
कृष्णदास ह'ते,	कृष्णदास बननेकी
बड़ वाञ्छा हइयाछे मोर;	लालसा प्रबल मुझमें जगी है।
बल बिष्णुप्रिये! बल, बल—	बोलो, विष्णुप्रिये! बोलो, बोलो—

बाञ्छा मोर हबे कि पूरण ?	लालसा मेरी होगी क्या पूर्ण ?
बाञ्छा-कल्पतरु कृष्ण,	वाञ्छा-कल्पद्रुम कृष्ण—
सर्व्वलोके बले,—सर्व्व शास्त्रे कय,	सभी लोग कहते, बताते सब शास्त्र हैं।
विष्णुप्रिये ! कृष्ण-कृपापात्री तुमि,	विष्णुप्रिये ! कृष्ण-कृपा-पात्री तुम,
कृष्णप्रिया तुमि,—बल, बल,	कृष्णप्रिया तुम,—बोलो, बोलो,
कृष्ण कि कृपा करिबेन मोरे ?	कृष्ण कृपा करेंगे मुझपर क्या ?
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
प्राणेश्वर ! जीवन-सर्व्वस्व !	प्राणेश्वर ! जीवन-सर्वस्व !
कृष्ण आमि नाहि जानि,—	जानती नहीं हूँ मैं कृष्णको,
कृष्ण-कृपा नाहि बुझि,—	समझती नहीं हूँ कृष्ण-कृपा-मर्मको;
सुधु मात्र जानि आमि तोमार चरण।	एकमात्र विदित मुझको तुम्हारे चरण !
पाइयाछि पतिकृपा,	पतिकृपा पायी है,
बुझियाछि पतिप्रेम,	समझा है पति-प्रेम,
शिखियाछि पतिसेवा;	सीखी है पति-सेवा;
कृष्णकृपा, कृष्णप्रेम,	कृष्ण-कृपा, कृष्ण-प्रेम,
कृष्ण-सेवा-सुखानन्द	कृष्ण-सेवा-सुख तथा कृष्ण-सेवानन्दका
अनुभवि इथे;	करती हूँ इसमें ही अनुभव।
तुमि मोर प्राणवल्लभ,	तुम मेरे प्राणवल्लभ,
तुमि मोर कृष्णधन;	तुम मेरे कृष्णधन;
तव सेवाय पाइ कृष्ण-सेवानन्द।	सेवामें तुम्हारी प्राप्त करती कृष्ण-सेवानंद,
तव प्रेमे कृष्णप्रेम शिक्षा करि आमि;	सीखती हूँ कृष्णप्रेम, प्रेममें तुम्हारे मैं।
तुमि कृष्ण-दरशन चाओ,	कृष्ण-दर्शन चाहते तुम,
आमि चाइ निशिदिन तव दरशन।	निशिदिन चाहती मैं दर्शन तुम्हारा हूँ।
कृष्ण-सङ्ग-सुख-आशे,	कृष्ण-साहचर्य-सुख-आशामें
तुमि हयेछ उन्मत्त;	तुम हो उन्मत्त हुए;
पागलिनी आमि,	दीवानी मैं हूँ,
तव प्रेम-सुख-लालसाय।	तव-प्रेमानन्द-लालसाकी।
उन्मत्त, विह्वल तुमि	उन्मत्त, विह्वल तुम
कृष्ण-प्रेम-सुधा-रसे;	कृष्ण-प्रेम-सुधा-रससे;
कृष्ण-प्रेम-रस-सिन्धु	कृष्ण-प्रेम-रस-सिन्धु

उछलि उछलि बहे	उछल-उछलकर लेता हिलोरें है
हृदये तोमार;	हृदयमें तुम्हारे ।
पतिप्रेमे पागलिनी आमि,	पति-प्रेमोन्मत्ता मैं;
पति-प्रेम-सुधा-धारा	पति-प्रेम-सुधा-धारा
नियत सिञ्चित करे आमार पराण;	सींचती निरन्तर है प्राणोंको मेरे ।
तोमाते, आमाते, नाथ !	तुममें और मुझमें, नाथ !
किछु भिन्न नाइ,—नाहि भेदाभेद;	कुछ भी अन्तर नहीं, नहीं भेदाभेद;
तुमि जारे कृष्णप्रेम बल,	कहते हो कृष्णप्रेम जिसे तुम,
आमि तारे बलि पतिप्रेम;	कहती मैं पतिप्रेम उसको ।
तुमि मोर पति,	तुम मेरे प्राणपति,
देव-देव, परम ईश्वर;	देव-देव, परमेश्वर;
तुमि मोर गति अन्तकाले;	हो अन्तकालमें तुम्हीं मेरी गति,
तुमिइ मोर कृष्ण, जगतेर नाथ,	तुम्हीं मेरे कृष्ण, तुम्हीं मेरे जगन्नाथ;
मोर सन्मुखे विद्यमान ।	मेरे सम्मुख विद्यमान ।
तोमार श्रीकृष्ण-भजन	तुम्हारा श्रीकृष्ण-भजन
आर आमार श्रीपति-भजन,	एवं मम पति-भजन—
एक वस्तु,—कभु भिन्न नहे ।	एक वस्तु, भिन्न नहीं कभी भी ।
बुझे देख विचारिया,	समझो इसे, देखो विचारकर,
बुद्धिमान तुमि ।	बुद्धिमान तुम हो ।
एस नाथ ! हृदिभरा	आओ नाथ ! हृदयमें हिलोरते
प्रेमसिन्धु दिये,	प्रेमसिन्धुका,
बुक भरा भालबासा,—	छातीमें लहराते अनुरागका,
प्रतिदान दिये,	देकर प्रतिदान
तोमारे भजिब आमि;	तुम्हें मैं भजूँगी;
काय-मन-वाक्ये,—	काया, मन, वाणीसे,
सेविब तोमारे नाथ !	सेवा करूँगी तुम्हारी नाथ !
तुषिब तोमार मन सर्व्वभावे,	मनको तुम्हारे सब विधि दूँगी संतोष,
केन अकारण दुःख कर नाथ !	क्यों फिर अकारण दुःख करते हो, नाथ ?
एस प्राणेश्वर ! एस हृदयेश !	आओ प्राणेश्वर, पधारो हृदयेश !
तुमि मोर कृष्ण,	तुम्हीं मेरे कृष्ण,

तुमि प्राणपति,	तुम्हीं प्राणपति,
विष्णुप्रिया हवे कृष्णप्रिया,—	विष्णुप्रिया होगी कृष्णप्रिया
तव वाक्य हइबे सफल ।	होगी तुम्हारी वाणी सत्य ।
(श्रीगौराङ्गके भूमिशय्या हइते उठाइया प्रेमभरे हृदये धारण)	(श्रीगौराङ्गको भूमिशय्यासे उठाकर प्रेममग्न हृदयसे लगाना)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !	विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
तुमि भूल बुझियाछ,—	तुमने नहीं समझी है सही बात—
क्षुद्र जीव आमि,	क्षुद्र प्राणी मैं हूँ,
मायाबद्ध संसारेर कीट ।	मायाबद्ध कीट संसारका ।
पूर्व्व कर्म्मफले ए संसारे	पूर्व कर्मफलसे इस जगमें
तुमि नारी, आमि तव पति ।	तुम हुई नारी, मैं बना तुम्हारा पति ।
पितृ-पुरुषेर सुकृतिर बले	पितृकुल-पूर्वजोंके पुण्य-प्रतापसे
विप्रवंशे लभि जन्म,	करके प्राप्त जन्म विप्रकुलमें
श्रीकृष्ण-भजने	श्रीकृष्ण-भजनके प्रति
मोर हइयाछे रति ।	उपजी रति मुझमें है ।
बुझियाछि,—गुरु-कृपा-वले	गुरुकी कृपासे समझा है—
छाया मात्र, किछु नहे, संसार असार ।	संसार है असार, कुछ भी नहीं है— बस, छाया मात्र ।
श्रीकृष्ण-भजन बिना,	श्रीकृष्ण-भजन बिना,
श्रीकृष्ण-चरण बिना,	श्रीकृष्ण-चरण बिना,
अन्य काम्य धन ए संसारे	अन्य वाञ्छनीय धन इस संसारमें
नाहि आछे किछु;	कुछ भी नहीं है;
सर्व्वत्यागी नाहि ह'ले,	सर्व्वत्यागी हुए बिना,
ना करे दया कृष्णचन्द्र;	करते नहीं दया कृष्णचन्द्र;
ताइ हय मने वाञ्छा—	इसीलिये उठती है मनमें चाह—
ह'ये सर्व्वत्यागी करि श्रीकृष्ण-भजन ।	श्रीकृष्ण-भजन करूँ सर्वत्यागी होकर ।
तुमि साध्वी-सती नारी,	तुम साध्वी-सती नारी
सर्व्वभावे कर पूर्ण,	सब विधिसे करो पूर्ण
एइ वाञ्छा मोर ।	मेरी इस वाञ्छाको ।

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणेश्वर ! हृदय-वल्लभ !
पति तुमि,—गुरु तुमि,—
चरणेर दासी आमि तव;
आमा सने कपटता
शोभा नाहि पाय ।
सर्व्वत्यागी हबे तुमि, श्रीकृष्णभजन तरे
एइ तव साध ?
नाथ ! बुके मोर हात दिये
एक बार भेबे देख देखि,
के तुमि ?
मने-मने बुझे देख,
बले काज नाइ,
कि तुमि ?
कि हेतु आविर्भाव तव एइ नदीयाय ?
निर्व्विकार परम पुरुष तुमि,
पद्मपत्रे जलवत् संसारे निर्लिप्त;
तुमि सर्व्वत्यागी, तुमि सर्व्वभोगी,
सर्व्वजीवे तुमि विद्यमान;
के तोमारे चिनिते पारे,
तुमि ना चिनाले ?
कृपा करि, चरणेर दासी बले,
करेछ ग्रहण ए अभागीरे;
कृपा करे, हे बहुवल्लभ !
श्रीचरण-तले मोरे दियेछ आश्रय ।
चिनेछि तोमाय आमि, तव कृपा-बले ।
भाग्यवती आमि,
छल ना करिह मोर सने नाथ ।
तुमि जाहा,—आमि जानि,
आमि जाहा,—तुमि जान;

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणेश्वर ! हृदयवल्लभ !
पति हो तुम, गुरु हो तुम,
चरण-दासी मैं तुम्हारी;
मेरे साथ करना दुराव कुछ
शोभा नहीं देता है ।
होगे सर्व्वत्यागी तुम, श्रीकृष्ण-भजन हेतु,
यही तो तुम्हारी साध ?
नाथ ! हाथ छातीपर मेरे रख
देखो तो एक बार सोचकर,
कौन हो तुम ?
मन-ही-मन परख देखो—
कहनेका काम नहीं,
क्या हो तुम ?
हुआ आविर्भाव क्यों तुम्हारा इस नदियामें ?
निर्विकार परम पुरुष तुम हो,
पद्मदलपर जलके समान जगसे निर्लिप्त;
तुम सर्वत्यागी तथा सर्वभोगी तुम हो,
तुम्हीं सब जीवोंके भीतर विराजमान;
तुमको पहचान कौन सकता है,
जो न तुम कराओ बोध ?
करुणा कर चरणोंकी दासी जान
किया है ग्रहण इस अभागिनीको ।
बहुजनवल्लभ हे ! कृपा कर
श्रीचरण-तलमें दिया मुझे आश्रय है ।
जाना तुम्हें मैंने है तुम्हारी ही कृपासे ।
भाग्यशालिनी हूँ मैं;
बड़ी कठिनतासे किया है राजी उनको
खड़ा रहनेके लिये घरके दरवाजेपर,—
आधी घड़ीके लिये ।
दर्शन करेंगी पति-पाद-पद्मोंका,
श्रीविष्णुप्रिया सती ।
उठाओ यह भार तुम,
करके परामर्श शचीमातासे;—
सुसम्पन्न कार्य हो जिससे,
करो तुम सुव्यवस्था उसकी ।
जाता हूँ निकट मैं प्रभुके,
उन्हें यहाँ साथ ले आऊँगा ।

ईशान—

पण्डित ठाकुर !

ए बाटीर पालित कुक्कुर आमि;	इस घरका पालतू कुत्ता मैं,
आज्ञावह भृत्य आमि,	आज्ञाकारी दास मैं;
जे आज्ञा करेन गौराङ्ग-जननी मोरे	जो आज्ञा देती हैं गौराङ्ग-जननी मुझे,
ताहा मोर सर्व्वथा पालनीय।	पालनीय सर्वथा मेरे लिये वही।
चिरदिन ह'ते,	चिर दिनसे
दासत्व-कार्य्ये व्रती आमि	व्रत लिया मैंने है दासत्व करनेका
गौराङ्ग-गोष्ठीर।	गौराङ्ग-परिवारका।
काल, मातार आदेशे	माताकी आज्ञासे कल
ल'ये बधू ठाकुरानीके,	बहू गृहस्वामिनीको लेकर,
गेनु मोरा सबे गङ्गातीरे,——	गये हम सब गङ्गाके तटपर——
गौराङ्ग-दर्शन तरे।	गौराङ्ग-दर्शनार्थ।
पथे लोकेर संघट्टे	पथमें लोगोंके जमघटमें——
नर-नारी एकाकार,	नर-नारी एकाकार——
सुधुमात्र जेतेछे देखा,	एकमात्र देते दिखाई थे
नरमुण्ड अगणन।	नरमुण्ड अगणित।
महा बलवान जारा,	महा बलवान् जो
ताहाराओ ह'ये पश्चात्पद	वे सब भी उलटे पाँव
फिरितेछे गृहेते,—ह'ये भग्न-मनोरथ।	घरको थे लौट रहे होकर भग्न-मनोरथ।
गौराङ्ग-जननी आमार,	गौराङ्ग-जननी मेरी
वृद्धा,—जीर्ण शीर्ण कलेवर;——	वृद्धा, जीर्ण-शीर्ण कलेवर,——
ल'ये यष्टि हाते,	लिये लाठी हाथमें,——
वधू मातार धरि हात,	पकड़कर हाथ बहूरानीका
सेइ अगणित जनसंघ माझे,	उस अगणित जनसमुदाय बीच
चलिलेन मोर सङ्गे पुत्र-दरशने।	चल पड़ीं मेरे साथ पुत्र-दर्शनके लिये।
थर-थर काँपे अङ्ग ताँर,	थर-थर काँपता था अङ्ग उनका,
नयेनेते बहे शतधारा,	नयनोंसे बहती थी सौ-सौ धाराएँ;
कुललक्ष्मी वधू ठाकुराणी, अवगुण्ठनवती	कुललक्ष्मी बहू गृहस्वामिनी घूँघट निकाले
वस्त्र दिया आच्छादित सर्व्व अङ्ग ताँर,—	वसनसे ढँके थे सारे अङ्ग उनके,——
लज्जा, भय, अपमाने हइये कातर,	लज्जा, भय, अपमान द्वारा हुई कातर,——
चलिलेन मार सङ्गे पतिदरशने।	चलीं सङ्ग माँके पति-दर्शनके लिये।

उठि गङ्गार पाहाड़' परे	चढ़कर गङ्गाके ऊँचे कगारपर
निश्चल पाषाण-प्रतिमावत्	निश्चल पाषाण-प्रतिमावत्
रहिलेन दाँड़ाइये दुइजने ।	खड़ी रहीं दोनों ।
किछु नाहि जाय देखा,—	कुछ नहीं पड़ता था दिखायी,—
दूरे गङ्गापारे,	दूर गङ्गातटपर,
केवल लोकेर संघट्ट,	केवल लोगोंका जमघट,
आर नरमुण्ड अगणन ।	और अगणित नरमुण्ड ।
शुनि शुधु कोलाहल-	पड़ती सुनायी थी केवल कोलाहल-
ध्वनि अविरत,	ध्वनि अविरत,
मध्ये-मध्ये उठितेछे हरिध्वनि	उठती थी बीच-बीचमें हरिध्वनि
गगन भेदिया;	गगन भेदकर;
दूर ह'ते गेल देखा,	दूरसे दिखायी दिया
प्रभुर मोर मुण्डित मस्तक,—	स्वामीका मेरे मुण्डित मस्तक,—
करि ऊर्ध्वे आजानुलम्बित दुइ बाहु,—	ऊँचे उठा आजानुलम्बित भुजाएँ दोनों,—
"बोल, हरि बोल"	"बोल, हरि बोल"
बलितेछेन यतिराज	रहे थे बोल यतिराज
उच्चकण्ठे घने घन ।	उच्च कण्ठसे अविराम ।
ताइ देखे मा जननी ओ वधू ठाकुराणी	देख उसे जननी माँ और मालकिन बहू
पड़िलेन धरासने—हइये मूर्च्छित;	गिर पड़ीं पृथ्वीपर—मूर्छिता हो;
आर आमि,—नराधम भृत्य ताँदेर—	और मैं,—नराधम दास उनका—
बाँधि बुक पाषाणेते	वक्षःस्थलपर बाँधकर पाषाण
बुक दिये पड़ि—सेथा,	लेटकर छातीके बल वहीं,
करिनु रक्षा दोंहाकारे	करता रहा रक्षा दोनोंकी
सेइ भीषण लोकसङ्घ ह'ते ।	उस भीषण जन-समुदायसे ।
पण्डित ठाकुर ! भक्त-चूड़ामणि तुमि,	पण्डित ठाकुर ! भक्तचूड़ामणि तुम,
एकि ए विचार तोमादेर ?	यह क्या कैसा विचार तुमलोगोंका ?
खोयाइये लाज-मान कुललक्ष्मीर,	खोकर लाज-मान कुल-लक्ष्मीकी,
एइ लोकारण्य राजपथ दिये,	इस घनी भीड़में राजपथसे,
जेते हवे कुलवधूर	जाना पड़ेगा कुलवधूको
पति-दर्शने ?	पति-दर्शननिमित्त ?

शोकातुरा जराजीर्ण वृद्धा जननीर
जेते ह्बे,
एइ लोक संघट्टेर मध्य दिये,
गङ्गातीरे पुत्र-दरशने ?
पण्डित ठाकुर ! सकलि सहिते पारि,
किंतु गौराङ्ग-जननीर ओ घरणीर,
ए निदारुण लाञ्छना ओ अपमान,--
बेजेछे प्राणे मोर बड़ ।
कहि नाइ, कोन कथा एत दिन,
नीरवे सहेछि आमि,
शत वृश्चिक दंशन ज्वाला ।
किंतु आर ना सहिते पारि;
राजराजेश्वरी मा विष्णुप्रिया आमार,
राजमाता गौराङ्ग-जननीर--
एइ बुक फाटा निदारुण अदृष्टेर फल ।
पण्डित ठाकुर ! तुमि सबे भक्तवृन्द
थाकिते हेथाय,
ए दृश्य--देखिते ह'ल मोर,
इहा बड़इ क्षोभेर विषय ।
हा गौराङ्ग ! गौरहरि !
मृत्यु केन लिख नाइ
भाले ए अभागार ?
शिशु ह'ते सेविलाम तव श्रीचरण
एइ सब देखिबार तरे ?
(क्रन्दन)

श्रीवास--

भाग्यवान तुमि,
चौद्द भुवन माझे,
भाग्य तव शिव-विरञ्चि-वाञ्छित ।
तुमि आज्ञावह दास,

शोकातुरा, जरा-जीर्ण, वृद्धा जननीको
जाना होगा,
इस जन-समूहके बीचसे,
गङ्गा-तीर पुत्र-दर्शनके लिये ?
पण्डित ठाकुर ! सब कुछ सह सकता हूँ,
किंतु गौराङ्ग-जननी और गृहिणीकी
लाञ्छना निदारुण यह और अपमान
प्राणोंमें मेरे सालती बहुत है ।
कहा नहीं कुछ भी इतने दिन,
चुपचाप सहता रहा मैं
शत वृश्चिक दंशन ज्वाला समान ।
किंतु अब नहीं सहा जाता है
राजराजेश्वरी माँ मेरी विष्णुप्रियाका,
राजमाता गौराङ्ग-जननीका
यह हृदय-विदारी निदारुण अदृष्टफल ।
पण्डित ठाकुर ! तुम सब भक्तवृन्दके
रहते हुए यहाँ,
यह दृश्य--देखना पड़ा मुझे,
बड़े ही क्षोभका विषय है यह ।
हा गौराङ्ग ! गौर हरि !
मृत्यु क्यों न दिया लिख
भाग्यमें इस अभागेके ?
शिशुपनसे की है सेवा तव श्रीचरणोंकी
यही सब देखनेके लिये ?
(क्रन्दन)

श्रीवास--

भाग्यवान् तुम,
चौदहों भुवनमें,
भाग्य तुम्हारा शिव-विरञ्चि-वाञ्छित है।
तुम आज्ञाकारी दास,

पेलेछ आज्ञा
गौराङ्ग-जननी ओ घरणीर
धन्य तुमि,–धन्य तव दास्यभाव ।
पारे नाइ केह जाहा,
तुमि ताहा पारियाछ;
दियेछिलेन शचीमाता एइ आज्ञा मोरे,
लङ्घियाछि आमि ताहा
अम्लान वदने ।
ए शक्ति आमार नाइ,—
कृपाबले गौराङ्गेर तुमि शक्तिशाली,
ताइ तुमि करिते पेरेछ एइ काज ।
गुरुजनेर आज्ञा बलवान,—
ताहा विचारेर नाइ प्रयोजन ।
एखन बलि शुन,—
आसिबेन प्रभु आज गृहद्वारे
जननी ओ जन्मभूमि दरशने ।
जाहाते वधू ठाकुराणीर तव
पतिपादपद्म स्वच्छन्दे हय दरशन;
ताहार सम्पूर्ण भार तोमार उपर ।
जाओ ईशान ! मार सने करि परामर्श—
बुझिया,—समय ओ सुयोग—
कर एइ कार्य्य समाधान ।

(प्रस्थान)

(बाड़ीर सन्मुखे राजपथेर उपर बहुलोकेर संघट्ट एवं कोलाहल)

(शचीमाता, मालिनीदेवी, सर्व्वजया, श्रीविष्णुप्रिया, काञ्चना, अमिता प्रभृति सकले एकत्रे आङ्गिनाय दाँड़ाइया व्यस्तभावे पथ-निरीक्षण)

पाली है आज्ञा तुमने
गौराङ्ग-जननी और गृहिणीकी;
धन्य तुम,—धन्य तुम्हारा दास्यभाव ।
कोई नहीं कर सका जिसे,
उसको तुमने कर दिखाया ।
दी थी शचीमाताने यही आज्ञा मुझको,
उल्लङ्घन किया है मैंने उसका
अम्लान मुखसे ।
ऐसी शक्ति मुझमें नहीं,—
गौराङ्गके कृपाबलसे तुम हो शक्तिशाली,
इसीसे तुम कर पाये हो यह काम ।
गुरुजनोंकी आज्ञा बलवान,—
उसमें आवश्यकता नहीं सोच-विचारकी ।
इस समय कहता हूँ, सुनो—
आयेंगे प्रभु आज घरके द्वारपर,
जननी और जन्मभूमिका करने दर्शन ।
जिससे तुम्हारी बहू गृहस्वामिनीको
पति-पाद-पद्मोंका स्वच्छन्द दर्शन हो,
इसका सम्पूर्ण भार ऊपर तुम्हारे है ।
जाओ ईशान ! माँसे कर परामर्श,—
विचारकर,—समय और सुयोग,—
करो यह कार्य-सम्पादन ।

(प्रस्थान)

(घरके सामने राजमार्गके ऊपर अपार जन-समूह एवं कोलाहल)

(शचीमाता, मालिनीदेवी, सर्वजया, श्रीविष्णुप्रिया, काञ्चना, अमिता आदि सबका एकत्र आँगनमें खड़ी होकर उत्सुकता-पूर्वक पथकी ओर देखना)

शचीमाता—	**शचीमाता**—
एकि ? बाड़ीर सन्मुखे देखि,	यह क्या ? भवनके सम्मुख देखती हूँ,
लोके लोकारण्य ।	लोगोंकी अपार भीड़ ।
श्रीवासादि भक्तगण एके-एके	श्रीवासादि भक्तगण एक-एक करके,
सबे समागत ।	सभी हैं आये हुए ।
आसिछे सर्व्व नदीयार लोक एइ पथे,	आ रहे हैं सारे नदियाके लोग इसी पथपर,
हरिध्वनि उठेछे गगने	हरिध्वनि गगनमें है उठ रही;
दाँड़ायेछे केन सबे	खड़े हैं सबलोग किसलिये,
धीरभावे विरस वदने,	धैर्य धरे म्लानमुख,
दुयारेते मोर ।	द्वारपर मेरे ।
सोनार निमाइचाँद,	सोनेका निमाईचाँद,
आसिबे कि देखा दिते मोरे ?	आयेगा दर्शन देने मुझे क्या ?
मालिनी दिदि !	मालिनी दीदी !
हेन भाग्य हबे कि आमार ?	ऐसा भाग्य होगा क्या मेरा ?
मालिनी—(स्वगत)	**मालिनी**—(स्वगत)
पण्डित ठाकुर बले गेछेन	कह गये हैं पण्डित ठाकुर
मोरे बारबार—	बार-बार मुझसे—
ल'ये श्रीविष्णुप्रियाके,	लेकर श्रीविष्णुप्रियाको,
प्रस्तुत थाकिते सावधाने,	प्रस्तुत रहनेको होकर सावधान;
आहा पतिर संन्यासवेश,	पतिका संन्यासवेश आह !
आजि तारे हइबे देखिते;—	आज उसे होगा विलोकना ।
नदीयावासीर प्राण,—	नदियावासियोंके प्राण,
नदीयार राजराजेश्वर,—	नदियाके राजराजेश्वर,
विष्णुप्रियार प्राण धन, नदीया-नागर,	विष्णुप्रियाके प्राणधन, नदियानागर,
आजि भिखारीर वेशे,	भिखारीके वेशमें आज,
दण्ड-कमण्डलु करे,	हाथोंमें दण्ड-कमण्डलु लिये,
मुण्डित मस्तके,	मुण्डित-मस्तक,
रक्ताम्बर-परिधान संन्यासीर वेशे,	गैरिक वसन पहने संन्यासी-वेशमें
दाँड़ाये आपन दुयारे	खड़े होकर द्वारपर अपने
दिये जाबे शेष देखा ।	अन्तिम दर्शन दे जायेंगे ।

दुखिनी विष्णुप्रियार	दुखिया विष्णुप्रियाका
गेछे सेइ एक दिन,--	एक वह दिन गया,
आर एकदिन आज आसियाछे ।--	अब एक दिन आज आया है ।
धैर्य्यवती नारी-शिरोमणि,--	धैर्यवती नारीशिरोमणि
सहेछे अकातरे पञ्चवर्षकालव्यापी	अकातर सह रही है पञ्चवर्षकालव्यापी
विरहेर भीषण दहन ।	भीषण वियोग-ज्वाला ।
आज प्राणवल्लभ ताँर,	आज प्राणवल्लभ उनके,
साधनार धन ताँर,--	उनकी साधनाके धन,
जीवन-सम्बल ताँर,--नवद्वीपचन्द्र,--	जीवन-सम्बल उनके,-नवद्वीप-चन्द्रमा,-
एकबार दिये देखा चले जाबे,--	एकबार दर्शन दे, जायेंगे चले,--
फिरिबे ना आर नवद्वीपे;--	लौटेंगे फिर नहीं नवद्वीप,--
ए दुःख ताँर मरिले ना जाबे ।	मिटेगा न मरनेसे भी उसका यह दुःख ।
विधिर निर्ब्बन्ध,--	विधिका विधान,--
एइ प्राणघाती निदारुण दुःख-ताप--	यह प्राणघाती निदारुण दुःख-ज्वाला
ताँर सहिते हइबे चिरकाल ।	सहनी पड़ेगी उन्हें चिरकाल ।
दियेछेन शक्ति ताँरे,	शक्ति उनको दी है,
शक्तिमान स्वयं भगवान--	स्वयं शक्तिमान् भगवानने
दुःख-ज्वाला-ताप सहिबार,	दुःख-ज्वाला-ताप सहनेके लिये;
भगवत शक्ति इहा, इथे नाहिक संदेह ।	भागवती शक्ति यह, इसमें संदेह नहीं ।
श्रीविष्णुप्रिया हन,	श्रीविष्णुप्रिया हैं,
श्रीगौराङ्गेर पूर्ण शक्ति,	श्रीगौराङ्गकी पूर्ण शक्ति;
शक्ति-शक्तिमाने--	शक्ति-शक्तिमान्में--
दुःख सहिबार शक्ति	दुःख सहनेकी शक्ति
तुल्यभावे आछे विद्यमान ।	विद्यमान है तुल्य भावसे ।
श्रीविष्णुप्रिया--	**श्रीविष्णुप्रिया**—
(शचीमातार अञ्चल धरिया काँदिते-काँदिते)	(शचीमाताका आँचल पकड़कर रोते-रोते)
मागो ! आसिछेन तिनि,	माँ ! आ रहे हैं वे,
देखिते तोमाय ।	दर्शनके लिये तुम्हारे ।
एक अनुरोध तव पदे मोर;	मेरा अनुरोध एक तव चरणोंमें;

ब'ल मागो ! ताँके आसिते,	कहना माँ ! आनेको उन्हें,--
ए गृहे तिलार्द्धेक तरे;	इस घरमें बस आधे पलके लिये
प्राण भरि राङ्गा पादुखानि ताँर,	प्राण भरकर उनके उभय अरुण चरण
देखिब आबार,	देखूँगी फिर,--
एइ मोर जीवनेर साध ।	यही साध जीवनकी मेरे ।
एइ लोकेर संघट्टे,--राजपथ माझे,	लोगोंके इस समुदायमें,--बीच राजपथमें
ए काज केमने साधिब आमि ?	कैसे बनाऊँगी काम यह मैं ?
बल मागो ! बल तुमि मोरे,	कहो माँ ! मुझको बताओ तुम ।
ताँर हेट हबे माथा,--	उनका सिर नीचा होगा,--
लज्जा पाइबेन तिनि,--	लज्जित होंगे वे,--
नारिब हेरिते से दृश्य आमि ।	देख नहीं सकूँगी दृश्य वह मैं ।
गृहे एसे दाँड़ाइले क्षणकाल,	घर आकर होनेसे क्षणभरके लिये खड़े,
यदि ताँर हय धर्म्म नष्ट,--	यदि हो उनका धर्म नष्ट,--
बलेन यदि तिनि ए कथा तोमाके,	कहें यदि ऐसी बात वे तुमको,
बलिओ ना आर किछु ताँरे ।	कहियेगा और कुछ न उनको ।
जाब आमि राजपथे भिखारिणी-वेशे,	जाऊँगी मैं राजपथपर भिखारिणीके वेशमें,
ताँहारि आदेशे,	उनके ही आदेशसे;
हेरिब रातुल चरण ताँर,	देखूँगी अरुण चरण उनके,
पथे दाँड़ाइये;--	पथमें खड़ी हो,--
तिनि यदि चान् इहा ।	यही यदि वे चाहें ।
आमार कर्त्तव्य ताँर आदेश पालन ।	मेरा कर्त्तव्य उनका आदेश पालन ।
तिनि मोर लज्जा-भय,	वे मेरे लज्जा-भय,
मान-अपमान;	मान-अपमान;
ताँर तरे अकर्त्तव्य	उनके लिये, अकर्त्तव्य भी
कर्त्तव्य हय मोर ।	होगा कर्त्तव्य मेरा ।
(श्रीवास पण्डितेर प्रवेश)	(श्रीवास पण्डितका प्रवेश)
श्रीवास--	**श्रीवास--**
मागो ! ओइ देख लक्षकोटि लोक सङ्गे	माँ ! वह देखो लक्षकोटि लोगोंके साथ
हरिध्वनि करिते-करिते,--	हरिध्वनि करते-करते,
आसितेछेन पुत्र तव;	आ रहे हैं पुत्र तव;

दुयारे तोमार दाँड़ाबेन तिनि
क्षणकाल ।
मागो ! इतिमध्ये सर्व्वकार्य्य
कर समाधान ।

(बहिद्वारेर सन्मुखे राजपथे यतिराज श्रीकृष्णचैतन्य प्रभुर आविर्भाव)

(शचीमातार प्रवेश)

शचीमाता—

बाप् विश्वम्भर ! सोनार निमाइचाँद !
हाराधन मोर ! अञ्चलेर निधि !
बापधन !
गृहेर भीतरे एस एकबार;
देखे जाओ बाप,
कि दशा हयेछे मोर ।

(रुद्धकण्ठे क्रन्दन)

श्रीकृष्णचैतन्य--

जननि ! प्रणमि तव पदे,
कर आशीर्व्वाद--
श्रीकृष्णचरणे जेन मोर रति-मति हय,--
यतिधर्म्म जेन रक्षा हय मोर,--
मागो ! तव कृपाबले श्रीकृष्णधन,
दिबेन दरशन मोरे ।
भक्ति मोर जाहा किछु,--
तुमि तार मूल मन्त्र ।
विष्णुभक्तिस्वरूपिणी तुमि,
गङ्गा ओ तुलसी
परश मागे तव,—
भाग्यवान आमि,
तोमा हेन मातृगर्भे लभिये जनम ।

द्वारपर तुम्हारे खड़े होंगे वे
क्षण भरको ।
माँ ! इसी बीच सब कार्योंका
करो निर्वाह ।

(बाहरी द्वारके सम्मुख राजपथपर यतिराज श्रीकृष्णचैतन्य प्रभुका प्रकट होना)

(शचीमाताका प्रवेश)

शचीमाता—

लाल विश्वम्भर ! सोनेके निमाईचाँद !
खोये धन मेरे ! अञ्चलकी निधि !
लालमणि !
घरके भीतर आओ एकबार;
देख जाओ लाल,
क्या दशा हुई है मेरी ।

(रुद्ध कण्ठसे क्रन्दन)

श्रीकृष्णचैतन्य—

जननि ! प्रणाम करता हूँ तव चरणोंमें,
दो आशीर्वाद,--
श्रीकृष्णचरणोंमें जिससे हो रति-मति मेरी,
जिससे हो रक्षा मेरे यतिधर्मकी;
माँ ! तुम्हारे कृपाबलसे श्रीकृष्ण प्यारे,
देंगे दर्शन मुझे ।
भक्ति मुझमें जो कुछ है,
मूलमन्त्र उसका तुम्हीं ।
विष्णुभक्तिस्वरूपिणी तुम,
गङ्गा और तुलसी
याचना करती हैं तुम्हारे स्पर्शकी ।
भाग्यवान मैं,
तुम-जैसी माताके गर्भसे जन्म लेकर ।

मूढ़ पुत्र तव,—अबोध,—निर्ब्बुद्धि,—
करेछि संन्यास नवीन वयसे,
ना विचारि,—भाल मन्द,—
एबे जाते धर्म्मरक्षा हय तार,
तुमि मागो ! कृपा करि कर उपदेश ।

शचीमाता—

(थर-थर काँपिते-काँपिते)

बाप् विश्वम्भर ! आमार जीवनसर्व्वस्व ।
एसेछिनु मने क'रे
कत कथा बलिब तोमारे ।
हेरे ऐ जगतपूज्य यतिरूप तव,
चेये ऐ ज्योतिर्म्मय
मुखपाने तोर,
सब भूले गेनु आमि ।
तुमि बाप ! जगतेर गुरु,—
जगन्मङ्गल कार्य्ये व्रती तुमि,—
धर्म्मराज-चक्रवर्त्ती तुमि,—
कलिहत जीव हइबे उद्धार
तोमा ह'ते ।
बाप् विश्वम्भर ! जाते हय
तव धर्म्मरक्षा
ताइ कर तुमि ।
दुखिनी जननी बले
एसेछ तुमि देखा दिते मोरे,
एइ मोर परम सौभाग्य ।

(क्रन्दन एवं भूमितले उपवेशन)

श्रीकृष्णचैतन्य—

(जन्मभूमिर प्रति चाहिया)

(स्वगत)

मूढ़ सुत तुम्हारा,—अबोध,—निर्बुद्धि,—
ले चुका है संन्यास नयी अवस्थामें,
बिना विचारे,—उचित-अनुचित,—
अब जिससे धर्म-रक्षा हो उसकी,
तुम्हीं माँ ! कृपापूर्वक करो उपदेश ।

शचीमाता—

(थर-थर काँपते-काँपते)

लाल विश्वम्भर ! मेरे जीवन-सर्वस्व !
आयी थी मनमें सोच—
कितनी बात कहूँगी तुमको ।
अवलोक जगत्पूज्य यतिरूप यह तुम्हारा,
देखकर इस ज्योतिर्मय
तुम्हारे मुखकी ओर,
सब भूल गयी मैं ।
तुम तात ! जगद्गुरु,—
जगन्मङ्गल-कार्य-व्रतधारी तुम,—
धर्मराज-चक्रवर्त्ती तुम,—
कलिहत जीवोंका होगा उद्धार
तुम्हारे द्वारा ।
वत्स विश्वम्भर ! जिससे हो
तुम्हारी धर्मरक्षा,
करो तुम वैसा ही ।
जननीको दुःखिनी जान
आये तुम मिलने मुझसे,—
यही मेरा परम सौभाग्य ।

(क्रन्दन और भूमिपर बैठना)

श्रीकृष्णचैतन्य—

(जन्मभमिकी ओर देखकर)

(स्वगत)

परिपूर्ण मायामय,	परिपूर्ण मायामय,
एइ जगत संसार,	यह जग-संसार,
त्यजि गृहवास, हयेछि संन्यासी,--	घरबार त्यागकर, हुआ हूँ संन्यासी,
घुचे गेछे मोर,--संसार बन्धन;	मुक्त हुआ मेरा,--संसार-बन्धन;
तबुओ अबोध मन मोर	तब भी अबोध मन मेरा
पूर्व्व स्मृतिगुलि भुलिते ना चाय;	पूर्वकी स्मृतियोंको भूलना नहीं चाहता;
पूर्व्वाश्रमे, एइ गृहवासे	पूर्वाश्रममें, इसी घर-द्वारमें
छिनु आमि नदियानागर,--	था मैं नदिया-नागर;--
प्रेममयी प्रिया सने,	प्रेममयी प्रियाके साथ
प्रेमानन्दे डुबे छिनु निशिदिन।	प्रेमानन्दमें निमग्न रहता था निशिदिन।
स्नेहमयी जननीर स्नेहेर बन्धने,	स्नेहमयी जननीके स्नेहपूर्ण बन्धनमें
छिनु बाँधा अहरहः।	रहता था बद्ध सदा।
धर्म्म नहे संन्यासीर गृहे आगमन	धर्म नहीं आना संन्यासीका घरमें--
एइ जन्य,--	इसीसे,--
करे उद्दीपना इथे पूर्व्व स्मृति जत,--	होती उद्दीप्त यहाँ पूर्वस्मृति सभी--
जागे मने पूर्व्व सुखानन्द;	जागता मनमें पूर्व सुखानन्द,--
ताते नष्ट हय परकाल,	नष्ट होता परलोक उससे,
हानि हय संन्यासीर धर्म्म।	हत होता संन्यासी-धर्म।
बहु चिन्ता करि,--श्रीवासेर अनुरोधे--	बड़ी चिन्ताके बाद,--अनुरोधसे श्रीवासके
एनु गृहद्वारे;	आया हूँ द्वारपर घरके;
देखि स्नेहमयी मा जननी,	देखता हूँ--स्नेहमयी माँ जननी,
पुत्रशोके हये व्याकुलित,	हुई विकल पुत्रशोकसे
पदतले धुलाय लुण्ठित।	लोट रही है नीचे धूलमें।
आर एक अवश्यम्भावी महाविपद	और एक अवश्यम्भावी महाविपद्
प्रतिक्षणे गणितेछि मने;	प्रतिक्षण रहा हूँ विचार मनमें--
संन्यासीर धर्म्मपथे विघ्न शत-शत,	संन्यासीके धर्मपथमें विघ्न शत-शत,
सर्व्वलोके छिद्र खोंजे संन्यासीर काजे;	संन्यासीके आचरणमें सभी खोजते छिद्र,
एखन देखितेछि मनेते विचारि,	इस समय देखता हूँ मनमें विचारकर
मोर पक्षे--गृहद्वारे आगमन,--	मेरे लिये--आना द्वारपर घरके,--
एइ कार्य्य हयेछे अनुचित।	यह काम हुआ है अनुचित।

(मालिनी, काञ्चना प्रभृति आपाद-मस्तक वसनावृता श्रीविष्णुप्रियाके लइया द्वारदेशे आगमन एवं श्रीविष्णुप्रियार पतिपदतले पतन ओ प्रणाम)

श्रीकृष्णचैतन्य--

श्रीकृष्णे मतिरस्तु ।

श्रीविष्णुप्रिया--

(उठिया जानु पातिया कर जोड़े)

ओहे जगतेर नाथ ।
दयार सागर तुमि, करुणार अवतार ।
ए दासीर प्रति,
करेछ तुमि करुणा प्रचुर ।
दिये दरशन निज गुणे,
कृतार्थ करिले मोरे ।
भिखारिणी आमि,–काङ्गालिनी आमि,–
भिक्षा चाइ तव काछे
कृपा-निदर्शन किछु तव दाओ प्रभु,
ए अधिनीरे;
दग्ध जीवनेर एखनओ बहुदिन
आछे बाँकि,—
तव दत्त कृपा-निदर्शन करिया सम्बल--
भजिब तोमारे आमि,
तव गृहे बसि ।
चरणेर दासी मागे,--कृपा-भिक्षा;
कृपादाने वञ्चित क'र ना तारे,
कृपामय तुमि,--कृपानिधि तुमि ।

श्रीकृष्णचैतन्य--

संन्यासी आमि,--
पथेर भिखारी,--

(मालिनी, काञ्चना आदिका आपाद-मस्तक वसनावृता श्रीविष्णुप्रियाको लेकर द्वारपर आना और श्रीविष्णु-प्रियाका पतिके पदतलमें गिरना एवं प्रणाम करना)

श्रीकृष्णचैतन्य--

श्रीकृष्णमें मति हो ।

श्रीविष्णुप्रिया--

(उठकर घुटना टेके हाथ जोड़कर)

अहो स्वामी जगके !
दयाके सागर तुम, करुणाके अवतार !
इस किंकरीके प्रति,
की है तुमने करुणा प्रचुर ।
देकर दर्शन स्वगुणवश,
कृतार्थ किया मुझको ।
भिखारिणी मैं,--कंगालिनी मैं,--
भिक्षा चाहती हूँ तुमसे,
कृपा-निदर्शन कुछ अपना प्रभो दो,
इस दुःखिनीको;
दग्ध जीवनके अब भी अनेक दिन
शेष हैं,--
तव दत्त कृपा-निदर्शनका लेकर सहारा,
भजूँगी तुम्हें मैं,
घरमें तुम्हारे रह ।
चरण-दासी माँगती है,--कृपा-भिक्षा;
कृपा-दानसे न करो वञ्चिता उसे,
कृपामय तुम,--कृपानिधि तुम ।

श्रीकृष्णचैतन्य--

संन्यासी मैं,--
पथका भिखारी,--

पादुका-दान

N. P. Crafts.

किछु नाहि आछे मोर तोमारे दिबार	कुछ भी नहीं मेरे पास देनेको तुम्हें,
भिखारीर भिक्षाझुलि	भिखारीकी भिक्षा-झोली
सम्बलमात्र मोर;	सम्पत्ति बस, मेरी;
तबे पदे एक आछे जे जंजाल,—	तब भी पैरोंमें एक है जंजाल जो,—
काष्ट पादुकाद्वय—	काष्ठ-पादुका द्वय
लह तुमि, यदि इच्छा कर।	ले लो तुम, यदि चाहो।
कर तुमि गृहे बसि श्रीकृष्णभजन।	करो तुम घरमें रह श्रीकृष्ण-भजन।
दयामय कृष्ण, कृपा करिबेन तोमाय।	दयामय कृष्ण कृपा करेंगे तुमपर।
(श्रीविष्णुप्रियाके पादुका प्रदान एवं ताहा ताँहार मस्तके धारण)	(श्रीविष्णुप्रियाको पादुका देना और उनका उन्हें मस्तकपर धारण करना)
(शचीमातार प्रति)	(शचीमाताके प्रति)
जननि! जाओ गृहे तुमि,	जननि! जाओ तुम घरमें,
चित्त कर स्थिर।	चित्त करो स्थिर।
श्रीकृष्णभजने दाओ मन।	श्रीकृष्ण-भजनमें लगाओ मन।
ना हइओ मिछा मायाबद्ध,	मत होना मिथ्या मायामें बद्ध,
ना भुलिओ श्रीकृष्ण-चरण।	भूलना न श्रीकृष्णचरण।
श्रीकृष्ण-चरण बिना,	श्रीकृष्णचरण बिना,
त्रिजगते किछु नहे आपनार।	त्रिभुवनमें कुछ नहीं अपना।
जत किछु देखितेछ, सब माया ताँर।	जो कुछ भी देखती हो, सब माया उनकी।
कर आशीर्वाद मागो!	दो माँ! आशीर्वाद,
जेन श्रीकृष्णचरणे मोर	जिससे श्रीकृष्णचरणोंमें मेरी
रति-मति हय।	रति-मति हो।
("हरे कृष्ण हरे कृष्ण" बलिते-बलिते प्रस्थान)	("हरे कृष्ण हरे कृष्ण" बोलते-बोलते प्रस्थान)
सर्व्वलोक मुखे उच्च हरिध्वनि।	सब लोगोंके मुखसे उच्च हरिध्वनि।
(सकलेर क्रन्दन)	(सबके द्वारा क्रन्दन)

पञ्चम अङ्क ।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन,—भजनगृहे श्रीविष्णुप्रियादेवी आसीना, प्रभुदत्त काष्ठपादुकाद्वय आसनेर सन्मुखे विराजमान ।	दृश्य—श्रीगौराङ्ग - भवन,—भजनगृहमें श्रीविष्णुप्रिया देवी बैठी हैं,—प्रभुकी दी हुई काष्ठ-पादुकाद्वय आसनके सम्मुख विराजमान है।
(काञ्चना ओ अमितार प्रवेश)	(काञ्चना और अमिताका प्रवेश)
काञ्चना--	**काञ्चना--**
सखि विष्णुप्रिये !	सखि विष्णुप्रिये !
ब'से ब'से निशिदिन	बैठे-बैठे निशिदिन
गृहेकोणे एकाकिनी,	घरके कोनेमें अकेले,
कि जे भाव तुमि,	सोचती हो भला, क्या तुम--
किछुइ ना बुझि;	कुछ भी न समझ पाती मैं ।
जीर्णशीर्ण ह'ये गेछ तुमि,	हो गयी हो तुम जीर्ण-शीर्ण,
सोनार वरण तव ह'ये गेल काल;	सोने-सा वर्ण तुम्हारा पड़ गया है काला,
एइ भावे अनाहारे अनिद्राय;	इस प्रकार बिना खाये, बिना सोये;
दिये एत क्लेश देहके तव,	देकर इतना क्लेश अपने शरीरको,
कत दिन बाँचिबे तुमि सखि !	कितने दिन जीओगी तुम सखि !
भजनयोग्य देह तव	भजनयोग्य देह तुम्हारी
दियेछेन श्रीकृष्ण तोमाय,--	दिया है इसे श्रीकृष्णने तुमको
नाश करिले सेइ देह एइ भावे	नाश करनेसे उस देहका इस प्रकार
कि भजन हइबे तोमार ?	क्या भजन तुमसे बनेगा ?
गुणमणि तव कृपा करि,	कृपाकर गुणमणि तुम्हारे
गियेछेन देखा दिये तोमा,	गये हैं दर्शन दे तुमको,
दियेछेन उपदेश श्रीकृष्ण भजिते,	दे गये हैं उपदेश श्रीकृष्ण-भजनका;
एखन स्थिर करि मन,	मनको स्थिरकर अब,
करह पतिर आज्ञा पालन ।	करो पति-आज्ञा-पालन ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
भजन-साधन आमि किछु नाहि बुझि,
श्रीकृष्णधन कि जे वस्तु,—
किछु नाहि जानि,
जानि सुधु गुणनिधि,
गुणमणि मोर बड़ दयामय;
नाम करि ताँर,
गाइ गुण निशिदिनताँर,
करि ध्यान रूपराशि ताँर,
हृदय भीतरे ।
अनुभवि दया ताँर
प्रति कार्य्ये
मने बड़ पाइ सुख ।
शुनि ताँर कथा, तोमादेर काछे,
निराश पराणे मोर
होय आशार संचार ।
कृपानिधि तिनि,
कृपा क'रे दियेछेन मोरे,
ताँर चरणकमल-पृष्ठ
काष्ठपादुका दु'खानि,
इहा शुधुमात्र कृपा-निदर्शन ताँर ।
एइ मोर साधनार धन, जीवन-सम्बल ।
किंतु सखि, एकटि कथा ह'ले मने
मने बड़ पाइ दुःख,—
बुक फेटे जाय,—
कुक्षणे मागिनु भिक्षा आमि,
ताँर काछे,—ताँर कृपार निदर्शन
जंजाल बलिया तिनि,
त्यजिलेन मोर वाक्ये चरणपादुका ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
भजन-साधन मैं कुछ नहीं जानती,
श्रीकृष्ण-धन क्या वस्तु है,—
कुछ नहीं जानती मैं ।
जानती बस, गुणनिधिको,
गुणमणि मेरे बड़े दयामय;
लेती हूँ नाम उनका,
गाती हूँ निशिदिन गुण उनके,
धरती हूँ ध्यान रूपराशिका उनके
हृदयके भीतर ।
अनुभव करती हूँ उनकी दयाका
प्रत्येक कार्यमें,
मनमें बहुत सुख पाती हूँ ।
सुन बातें उनकी तुमलोगोंसे,
निराश मेरे प्राणोंमें,
होता है आशाका संचार ।
कृपानिधि वे,
कृपापूर्वक सौंपी है मुझको,
अपना पदकमलपीठ
काठकी खड़ाऊँ दोनों,
केवल बस, यही कृपा-चिह्न उनका ।
यही मेरी साधनाका धन, जीवन-सम्बल ।
किंतु सखि ! एक बात उठनेपर मनमें,
बहुत दुःख पाती हूँ मनमें,
होता हृदय विदीर्ण—
किस अशुभ क्षणमें माँगी भिक्षा मैंने,
उनसे; उनका कृपा-निदर्शन,—
जंजाल समझकर उन्होंने
त्यागी चरणपादुका मेरी बातपर ।

सखि ! शत-अपराधी आमि,	सखि, शतापराधिनी मैं,
तांर श्रीचरणतले;	उनके श्रीचरणतलमें;
इच्छा करि पुनः एक अपराध नव	इच्छापूर्वक फिर एक अपराध नूतन
करिनु अर्ज्जन ।	मैंने कमा लिया ।
हयेछेन गृहत्यागी तिनि,	हुए हैं गृह-त्यागी वे,
शुधु मोर तरे,——जानि आमि ताहा,——	बस, मेरे कारण,——जानती हूँ मैं यह;
देशे-देशे पर्व्वते गहने	देश-देशमें, गहन पर्वतोंमें,
कठिन प्रस्तर ओ कण्टकाकीर्ण	कठिन पथरीले तथा कण्टकाकीर्ण
जन-मानवेर अगम्य पथेते,	जन-मानवोंसे अगम्य पथपर,
गुणनिधि गुणमणि मोर,	गुणनिधि, गुणमणि मेरे,
एबे नग्नपदे करिबेन भ्रमण ।	अब नंगे पैरों करेंगे भ्रमण ।
आहा ! बड़ व्यथा बाजिबे तांर	आह ! बड़ी व्यथा पहुँचेगी उनके
राता उत्पल-कोमल चरणतले ।	लाल कमलसम कोमल पैरोंके तलवोंको ।
पाइबेन तिनि कत कष्ट !	पायेंगे वे कितना कष्ट !
स्वार्थपर आमि——	स्वार्थपरायणा कितनी मैं,
मायाहीना पिशाचिनी आमि,	अकरुण पिशाचिनी मैं,
सिद्धि तरे निज स्वार्थ	स्वार्थ साधनेको निज
याचिलाम भिक्षा गृहत्यागी	माँगी भिक्षा गृहत्यागी
संन्यासीर काछे;	संन्यासीसे ।
सर्व्वत्यागी दयामय परम पुरुष तिनि——	सर्वत्यागी दयामय परम पुरुष वे——
अकातरे दिलेन मोरे	अनायास दे दी मुझे
तांर चरण पादुका दुखानि ।	दोनों चरण-पादुका निज ।
सखि ! पाषाण दिये बुक बाँधा मोर;	सखि, पाषाण-निर्मित छाती मेरी
पाषाण ह'ते कठिन हृदय मोर;	पाषाणसे भी कठिन हृदय मेरा;
ताइ मोर हेन मति ह'ल,	इसीलिये मेरी ऐसी मति हुई,
सखि काञ्चने !	सखि काञ्चने !
केन मोर हेन मति ह'ल ?	किसलिये मति मेरी ऐसी हुई ?
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
काञ्चना—	**काञ्चना——**
सखि ! संवर रोदन,	सखि ! शमन करो रुदन,

पतिप्राणा देवीमूर्त्ति तुमि;	पतिप्राणा देवीमूर्त्ति तुम;
पति तव दयामय भगवान,	पति तुम्हारे दयामय भगवान्,
षड़ैश्वर्य्य मध्ये वैराग्य ऐश्वर्य्य ताँर,--	उनके षडैश्वर्यमेंसे वैराग्य ऐश्वर्य,--
शास्त्रे सर्व्वश्रेष्ठ बले ।	सर्वश्रेष्ठ बताया जाता शास्त्रोंद्वारा ।
देखाइते सेइ सर्व्वश्रेष्ठ ऐश्वर्य्येर सीमा--	उस सर्वश्रेष्ठ ऐश्वर्यकी सीमा दिखानेको-
तोमा सने सखि !	तुम्हारे साथ, सखि !
ताँर एइ पादुका-दान-लीला-अभिनय ।	उनका यह पादुका-दान-लीला-अभिनय ।
तुमिओ त सखि ! ह'ये सर्व्वत्यागी,	तुम भी तो सखि ! होकर सर्वत्यागी
धरासन करेछ सम्बल ।	पृथ्वीका लिया है अवलम्बन ।
अनाहारे,--अनशने,--रात्रिदिन,	अनाहार,--अनाशी,--प्रतिदिन,
करिछ निशिदिन हाहाकार !	करती हो निशिदिन हाहाकार ।
महा वैराग्यवान संन्यासी	महावैराग्यवान् संन्यासी
पतिधन तव,	पति तुम्हारे,
तुमि ओ सखि, महा विरागिनी	तुम भी सखि, महाविरागिणी,
संन्यासिनी,	संन्यासिनी;
एकइभावे,--दुइजने,	समान भावसे दोनों जने,
देखाइतेछ, वैराग्य ऐश्वर्य्य,	दिखा रहे हो वैराग्य ऐश्वर्य,
जीवेर शिक्षार तरे ।	जीवोंको शिक्षा देनेके लिये ।
कलिजीवेर कठिन हृदय,	कलियुगके जीवोंका कठिन हृदय,
करिवारे द्रव,	करनेको द्रवित,
मिलि दुइजने, करि परामर्श,	मिलकर दोनों जने, परामर्श करके,
करिछ एइ करुण लीलाभिनय !	कर रहे हो करुण लीलाका यह अभिनय ।
जाहा कह तुमि,--सकलि सत्य,	कहती हो जो तुम, सभी सत्य,
करेन जाहा तिनि, सकलि कर्त्तव्य,	करें जो कुछ, वे सभी कर्त्तव्य;
सत्य ओ कर्त्तव्य पथे,	सत्य एवं कर्त्तव्य-पथकी
जीव शिक्षा तरे,--	जीवोंको शिक्षा हित,--
कठोर भावे,--	कठोरता अपनाकर,--
चलेछ बुक बाँधि दुइ जने,	चल रहे हो कमर कसकर तुमदोनों,
अदम्य उत्साहे ।	अदम्य उत्साहसे ।
मोरा हीनबुद्धि नारी,	हीनबुद्धि नारी हम,

मर्म कि बुझिब निगूढ़ रहस्यपूर्ण
एइ करुण लीलार ?

समझेंगी मर्म क्या निगूढ़, रहस्यपूर्ण
इस करुण लीलाका ?

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
कथातेइ बाड़े कथा,
आत्मकथा ल'ये,—क'रे वादानुवाद,
काने शुने आत्मप्रशंसा,
आत्मग्लानि भिन्न आर,
किछु नाहि लाभ ।
सखि ! आन् कथा छाड़ि
कह गौर गुणमणिर कथा मोर;
गौर-गुण गाथा शुनि आमि,
पराण जुड़ाइ ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
बातसे ही बढ़ती है बात,
स्वार्थचर्चा लेकर ही होता है वादानुवाद,
कानोंसे सुननेसे अपनी प्रशंसा,
आत्मग्लानि छोड़ और,
कुछ नहीं लाभ ।
सखि ! अन्य चर्चा छोड़,
कहो मेरे गौर गुणमणिकी बात;
गौर-गुण-गाथाको सुन मैं,
प्राणोंको करूँ शीतल ।

गीत

सजनि ! आर कि
शुनव उपदेश ?
सब उपदेश सार,
गौरकथार हार,
नव नव ताहाते
रचना कर वेश ।
कर्णेर भूषण कर,
गौरकथा सुमधुर,
श्रुतिमूले कर सखि,—
नाम उपदेश ।
नयने अञ्जन कर,
गोरारूप सुधाकर,
गोरा अनुराग तैले,—
बान्धि देह केश,
लिख भाले गोरा नाम,
अलका तिलका दाम,
नाना रङ्गे अलंकार,—
रचह विशेष ।

सजनी री ! अब और
सुनूँगी क्या उपदेश ?
सब उपदेशोंका है सार,
गौर कथाका सुन्दर हार,
रचो उसीके द्वारा
अभिनव नूतन वेश ॥
कानोंका भूपण अभिराम,
गौर-कथा सुमधुरता-धाम,
श्रवण-मूलमें आलि !
नामका कर उपदेश ।
नयनोंमें दो अंजन आँज,
गौररूप-शीतल उडुराज,
गौर स्नेह सुरभितको
लगा सँवारो केश ॥
सिरपर लिखो गौरहरि नाम,
अलकावलि-पत्रावलि दाम,
नाना रङ्गोंसे
विरचो शृङ्गार विशेष ।

गौर - चरण - धूलि,
राशि-राशि तुलि तुलि,
माखाइये दाओ सखि !
राखि अवशेष ।
ओगो सखि माथा खाओ,
अञ्चले बाँधिये दाओ,
बुके धरि पदरज,—
अनुरोध शेष ।
गौरकथा शुनाइये,
जुड़ाओ तापित हिये,
ना फिरव ढुंडि ढुंडि,—
देश - विदेश ।
तुमि वल, आमि शुनि,
गौरकथा सुधा - वाणी,
ना कर संदेह चिते,
पाव हृदयेश ।
सखिर चरण धरि,
विरहे कान्दये हरि,
गौरकथा, गौरगाथा,
कह गो विशेष ॥

गौर-पदाम्बुज पावन धूरि,
उठा-उठाकर लेकर भूरि,
तनमें सजनि ! रमाओ,
रख लो कुछ अवशेष ॥
अरी सखी ! सिरकी सौगन्ध,
अञ्चलमें रख दो देवन्ध,
छातीपर धर पद-रज
यही निवेदन शेष ।
गौर-कथा कानोंमें ढाल,
शीतल कर उरदाह कराल,
भटकूँगी मैं नहीं खोजती
देश-विदेश ॥
सुनूँ अहर्निश, सदा कहो,
गौर-कथामृत मधुर अहो,
मनमें संशय न कर,
मिलेंगे ही हृदयेश ।
सखी-चरण गह बारंबार,
'हरि' वियोग करती चीत्कार,
गौरचन्द्र-गुण, गौर-कथा
गाओ सविशेष ॥

अमिता—

सखि ! एइ त्रिजगत माझे,
पतिप्राणा रमणीर शिरोमणि तुमि;
शास्त्रे बले—पतिभक्ति-बले,
हय लाभ सर्व्वसिद्धि,
सफल हय सर्व्व मनस्काम ।
एइ प्रेमेर जगते
प्रेम-पारावार तुमि सखि !
विस्तारिते जीव-हृदे,
प्रेमभाव—महान,—उज्ज्वल—
प्रचारिते प्रेमभक्ति,
ए मर जगते
ल'ये वक्षे प्रेमसिन्धु,—
विरहेर करि छल,

अमिता—

सखि ! इस त्रिभुवनमें
पतिव्रता-नारियोंकी शिरोमणि तुम;
शास्त्र कहते हैं,—पतिभक्ति-बलसे
सर्वसिद्धि होती है;
फलीभूत होती हैं सभी मनोकामनाएँ ।
इस प्रेम-जगमें
प्रेम-पारावार सखि ! तुम
विस्तार करनेको जीवोंके हृदयमें,
महान्,—उज्ज्वल—प्रेमभाव,
प्रचारित करनेको प्रेमभक्ति,
इस मर्त्यलोकमें
छिपाकर छातीमें प्रेमसिन्धु,
विरहके मिससे

उठाइछ जीवहृदे प्रेमेर
तरङ्ग अभिराम ।
उठेछे प्रेमेर तुफान नदीयाय,
भेसे जाबे जगत संसार
एइ प्रेमेर तुफाने;
विश्वप्रेमेर उठिबे निशान ।
जयडङ्का तव घोषिबे जगते ।
प्रेममय नवद्वीपचन्द्र
एवं प्रेममयी श्रीविष्णुप्रियार प्रेमभावे
उज्ज्वल हइबे विश्व,—शीतल हइबे पृथ्वी,
पवित्र हइबे धरातल ।
प्रेमेर भाण्डारी तुमि सखि,
प्रेमेर भिखारी मोरा सबे,
तव प्रेम-महासमुद्रेर
एक बिन्दु यदि मोरा पाइ,
हबे जीवन सार्थक,——
धन्य हब मोरा ।
प्रेममयी सखि विष्णुप्रिये !
कृपा करि अकपटे कर प्रेमदान,
तव अनुगत सखिगणे ।

जीवोंके हृदयमें प्रेमकी उठा रहीं
तरङ्ग अविराम ।
उठ रहा है प्रेमका तूफान नदियामें,
मग्न हो जायगा विश्व-जगत्
प्रेमके इस तूफानमें;
ध्वजा फहरायेगी विश्वप्रेमकी ।
जयडंका बजेगा जगत्में तुम्हारा ।
प्रेममय नवद्वीपचन्द्र
एवं प्रेममयी श्रीविष्णुप्रियाके प्रेमभावसे
उज्ज्वल जगत् होगा,—शीतल धरा होगी,
होगा पवित्र पृथ्वीतल ।
कोषाध्यक्षा प्रेमकी तुम, सखि !
प्रेमकी भिखारिणी हम सब,
तव प्रेम-महासिन्धुकी
एक बूँद पावें यदि हम सब,
जीवन हो जायगा सार्थक,——
धन्य होंगी हम सब ।
प्रेममयी सखि ! विष्णुप्रिये !
कृपा करके अकपट भावसे करो प्रेमदान,
अपनी अनुगत सखीवृन्दको ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि अमिते ! सखि काञ्चने !
नदीयावासिनी तुमि सबे
नागरीर गण, महा भाग्यवती ।
नदीयावासीर प्राण नवद्वीपचन्द्र,
आमि ताँर चरणेर दासी ।
प्रेममय, प्रेमिक, परमपुरुष तिनि,
ताँर सङ्गे तिलमात्र सङ्ग हय जार,
से हय रसिक भक्त ताँर
प्रेम भक्ति देवी,

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि अमिते ! सखि काञ्चने !
नदियावासिनी तुम सब
नागरीगण, महा भाग्यवती हो ।
नदियावासियोंके प्राण नवद्वीपचन्द्र,
मैं उनके चरणोंकी दासी ।
प्रेममय, प्रेमिक, परमपुरुष वे,
उनके साथ तिलमात्र सङ्ग होता जिसका,
बनता वह रसिक भक्त उनका ।
प्रेम-भक्ति-देवी

ताँरे करेन आश्रय ।
तुमि सबे नदीया नागरीर गण,
प्रेम डोरे, प्रीतिर बन्धने,—
बेंधेछ प्रेममय परम पुरुषे ।
तोमादेरइ प्रणय-सम्बन्धे,
प्रेमरसे,
वशीभूत प्रेमेर ठाकुर नवद्वीपचन्द्र ।
ह'ये तोमादेर अनुगा,
क'रे चरणाश्रय तोमादेर,
जे भजिबे प्रेमवशे प्रेमेर ठाकुरे,
भाग्य तार सुप्रसन्न अतिशय;
गौर-कृपालाभ तार पक्षे
अत्यन्त सुलभ ।
प्रेमपात्री तुमि सबे,
जगज्जीवे प्रेमधन पाबे,
तोमादेर हात दिये ।
प्रेमधाम एइ नवद्वीपे
प्रेममय श्रीगौराङ्गेर प्रेमपूजा
हबे घरे-घरे ।
तुमि सबे नदीया-नागरी,—
प्रेमेर गागरी,—
पूर्व्वलीलाय व्रजबालार गण—तुमि सबे,
कर प्रेमदान अकातरे,
नदीयार घरे-घरे गिये;
कर गौरनाम,—कह गौरकथा,—
धरि जने-जने ।
प्रेम-वितरण,—कार्य्य तोमादेर
प्रभुर आदेश इहा भक्तगण प्रति,—
तुमि सबे भक्त-शिरोमणि,
नदीयार नरनारी,

रहती हैं आश्रयमें उनके ।
तुम सब नदियाकी नागरीगणने,
प्रेमकी डोरीसे, प्रीतिके बन्धनसे,—
बाँध रखा है प्रेममय परमपुरुषको ।
तुम्हीं सबके प्रणय-सम्बन्धसे,
प्रेमरससे,
वशीभूत प्रेममय ठाकुर नवद्वीपचन्द्र ।
होकर तुमलोगोंकी अनुगता,
ले चरणाश्रय तुम सबका,
भजेगा जो प्रेमके वशीभूत प्रेमठाकुरको,
अतिशय सुन्दर भाग्य उसका;
उसके लिये गौर-कृपा-लाभ
अत्यन्त सुलभ ।
प्रेमपात्री तुम सब,
जगज्जीव प्रेमधन पायेंगे
हाथसे तुम सबके ।
प्रेमधाम इस नवद्वीपमें
प्रेममय श्रीगौराङ्गकी प्रेमपूजा
घर-घर होगी ।
तुम सब नदिया-नागरी,—
प्रेमकी गागरी,—
पूर्वलीलाकी व्रजबालागण तुम सब,
करो प्रेमदान संकोच बिना,
नदियाके घर-घरमें जाकर;
बोलो गौरनाम, कहो गौरकथा,
पकड़कर एक-एक व्यक्तिको ।
प्रेम-वितरण, कार्य तुम सबका—
प्रभुका आदेश यही भक्तोंके प्रति,—
तुम सब भक्त-शिरोमणि,
नदियाके नर-नारी,

बड़ प्रिय ताँर;
देख सखि ! वञ्चित ना हय जेन केह
गौरप्रेम धने ।

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये !
तोमार गुणमणिर मत,
अनुगत जनेर,—आश्रितेर—
बाड़ाइते सन्मान,
राखिते मर्य्यादा,
गाइते तादेर गुणगान,
शतमुखी हश्रो तुमि ।
मोरा सखि ! तोमा भिन्न
किछु नाहि जानि,–
किछु नाहि बुझि,—
तोमा ह'ते चिनेछि
नदीयार चाँदे;
तव कृपाबले पेयेछि
दरशन ताँर ।
प्रेमधन—गोलोकेर
सम्पत्ति तोमादेर—
शुनेछिनु काने मात्र,—
एबे बुझिलाम कि जे वस्तु हय; —
प्रेमधन—
स्वयं आचरिये दिले शिक्षा तुमि—
कारे बले प्रेमभक्ति,—
कि मर्म्म इहार ?
शिखिलाम तोमा ह'ते मोरा,—
अनुराग-भजन-पद्धति,
दीक्षागुरु—शिक्षागुरु,—जाहा किछु

अति प्रिय उनके;
देखो, सखि ! वञ्चित न हो जिससे कोई
गौर-प्रेम-धनसे ।

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये !
अपने गुणमणिके समान ही
अनुगत जनका —आश्रितजनका,
वर्द्धन करनेको सम्मान,
रखनेको मर्य्यादा,
गानेको उनका गुणगान,
शतमुखी बनो तुम ।
सखि ! हम सब सिवा तुम्हारे
कुछ नहीं जानती हैं,—
कुछ नहीं समझती हैं,—
तुम्हारे द्वारा ही पहचान पायी हैं
नदियाके चाँदको;
तुम्हारे कृपा-बलसे
दर्शन किया है प्राप्त उनका ।
प्रेमधन—गोलोककी
सम्पत्ति तुम्हारे—
केवल सुना था कानोंसे,—
अब हमने समझा वस्तु क्या है वह—
प्रेमधन—
स्वयं आचरण कर शिक्षा दी तुमने—
किसे कहते प्रेम-भक्ति ?—
क्या इसका मर्म ?
सीखी हमलोगोंने तुमसे,—
अनुराग-भजन पद्धति,
दीक्षागुरु—शिक्षागुरु—जो कुछ भी

सकलि मोदेर तुमि सखि ।	सभी हमलोगोंकी सखि ! तुम ।
बृहत् वस्तु,—श्रीगौराङ्ग	बृहद्वस्तु श्रीगौराङ्ग,
तत्व ताँर निगूढ़ अतिशय—	तत्व उनका अतिशय निगूढ़—
कृपा करि, तुमि यदि	कृपा करके तुम यदि
दाओ शिक्षा गौरतत्व-सुधारस,	गौर-तत्त्व-सुधा-रसकी शिक्षा दो,
तबे ताहा हबे परिस्फुट,	तभी होगा वह परिस्फुट,
हृदये मोदेर ।	हृदयमें हमारे ।
कृपामयी तुमि, कृपा करि,	कृपामयी तुमने, कृपा करके
करेछ सङ्गिनी;	सङ्गिनी बनाया है;
एबे दया करि, कह तत्व-उपदेश ।	अब दया करके करो तत्त्वोपदेश ।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया**—
सखि ! गौरतत्त्व,	सखि ! गौरतत्त्व
आमि नाहि जानि,	मैं नहीं जानती,
ए बड़ निगूढ़ वस्तु	यह बड़ी निगूढ़ वस्तु,
गभीर रहस्यपूर्ण, परतत्व इहा;	गम्भीर रहस्यपूर्ण, परतत्त्व यह;
शुधु मात्र,—	बस, केवल,—
महाजन गौरभक्तगणेर वेद्य	महाजन गौराङ्गभक्तोंका बोधगम्य
एइ निगूढ़ विषय ।	यह अति गूढ़ विषय ।
ए सम्पत्ति,—एइ गुप्त वित्त,—	यह सम्पत्ति,—यह गुप्त धन,—
निजस्वधन ताहादेर;	अपना निज धन उनलोगोंका;
इथे अन्य कारओ नाहि अधिकार ।	अन्य किसीका भी नहीं इसमें अधिकार ।
दयामय गौरभक्तवृन्द	दयामय गौरभक्तवृन्द
कृपा करि कहिबेन गौरतत्त्व	कृपाकर कहेंगे गौरतत्त्व,
एकान्तमने लह शरण यदि	लो एकान्तमनसे शरण यदि
दीनभावे ताँदेर चरणे ।	दीन बन चरणोंकी उनके ।
(आलुखालुवेशे शचीमातार प्रवेश)	(अस्त-व्यस्त वेशमें शचीमाताका प्रवेश)
शचीमाता—	**शचीमाता**—
काञ्चने ! अमिते ! देख देखि	काञ्चने ! अमिते ! देखो तो—
कत बेला ह'ल ।	कितनी धूप चढ़ आयी ।

गङ्गास्नाने गेछे मोर	गङ्गास्नानके लिये गया है मेरा
सोनार निमाइचाँद,	सोनेका निमाईचाँद,
विष्णु-गृहे नाहि देखि	विष्णुमन्दिरमें देखती नहीं हूँ
पूजार आयोजन;	पूजाकी तैयारी;
एखनि आसिबे बाछा गङ्गास्नान करि,	आयेगा अभी लाल गङ्गास्नान करके,
शून्य पड़े आछे पाकशाला	सूनी पड़ी है पाकशाला,
नाहि देखि रन्धनेर उद्योग,—	देखती नहीं हूँ रसोईका उपक्रम,—
आमार बौमा कोथाय ?	मेरी बहूरानी कहाँ ?
(श्रीविष्णुप्रियादेवीर शचीमाताके प्रणाम, विनत वदने लज्जितभावे सन्मुखे दण्डायमान)	(श्रीविष्णुप्रियाका शचीमाताको प्रणाम करना एवं विनतवदन तथा सलज्ज भावसे सम्मुख खड़े रहना)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
(भाव-संवरण करिया)	(भाव संवरण करके)
बौमा ! बौमा आमार !	बहूरानी ! बहूरानी मेरी !
हेरे तोर विरस वदन,	देखकर विरस वदन तुम्हारा,
देखे तोर जीर्ण-शीर्ण कलेवर,	देखकर कलेवर तव जीर्ण-शीर्ण
कालिमा-माखा वदन-कमल,	झँवराया मुखकमल,
प्राण मोर फेटे जाय ।	प्राण मेरे फटे जाते ।
निमायेर अदर्शन ज्वाला,	निमाईको नहीं देख पानेकी ज्वाला,
बड़इ भीषण,—	भीषण बड़ी ही—
भूलेछि आमि चेये तोर मुखखानि;	भूल गयी हूँ मैं देखकर तुम्हारा मुख;
तुइ मा ! बलिस् यदि दु'टि	तू बेटी ! बोले यदि दो
हेसे कथा मोरे,	बात बस, हँसकर मुझसे,
दूरे जाय सब ज्वाला मोर ।	हट जाय सब ज्वाला मेरी ।
तोर मुख हेरिले मलिन,	देखकर तुम्हारा मलिन मुख
जगत आँधार हेरि आमि;	जगत् अँधेरा मुझे दीखता;
पूर्व्वस्मृति एके-एके,	पूर्वकी स्मृतियाँ एक-एक करके
मने जेगे उठे ।	जाग उठती मनमें ।
तुंसेर आगुन ज्वले,	तुषानल जलता है
हृदये परदे-परदे ।	प्रत्येक तहमें हृदयके ।
सन्मुखे ना हेरिले तोरे तिलार्द्धेक,—	सम्मुख न देखनेपर तुम्हें तिलार्ध भी,—

आनमना हइ,—	अनमनी हो जाती,—
आर निमाइके पड़े मने ।	और याद आती है निमाईकी ।
ताइ कहि प्रलापेर वाक्य समुदय ।	इसीसे लगती हूँ बकने प्रलाप-वचनावली ।
(पुनराय भावावेशे आनमना हइया)	(पुनः भावावेशमें अनमनी होकर)
प्राणेर निमाइ मोर,	प्राणधन निमाई मेरा
गेछे गङ्गास्नाने बहुक्षण,	गया है गङ्गास्नानके लिये बहुत देरसे,
एखनि फिरिबे घरे,	अभी घर लौटेगा;
स्नेहभरे मधुभावे	स्नेभरी मधुमयी भावामें
डेके मा-मा ब'ले,	पुकारकर, "माँ ! माँ !"
जड़ाइये धरि गलदेश,	गलेसे लिपट,
दुयारे दाँड़ाये मोर,	द्वारपर मेरे खड़ा हो,
"बड़ क्षुधा पेयेछि	"बड़ी भूख लगी है,
प्रसाद दे मा" ब'ले ।	प्रसाद दो माँ"—कहेगा ।
जाइ एबे शीघ्र करि,	जाऊँ अब शीघ्रता करके
ठाकुर-भोगेर करि आयोजन ।	करूँ आयोजन भगवान्के भोगका ।
(पाकगृहेर प्रति चाहिया)	(पाकशालाकी ओर देखकर)
आजि पाठाइयेछे पण्डित श्रीवास	भेजा है आज पण्डित श्रीवासने
नानाविध शाक,—	नानाविध शाक,—
गर्भ मोचा,—	केलेके फूलका अन्तर्भाग—
गर्भ थोड़	केलेके तनेका अन्तर्भाग—
निमाइचाँदेर प्रिय वस्तु सब—	निमाइचाँदकी प्रिय वस्तुएँ सभी,—
आर बले गेछेन मोरे तिनि,—	और मुझे कह गये हैं वे,—
महोत्सव हवे गृहे मोर;	महोत्सव होगा घर मेरे;
भक्तगण करिबेन नाम-संकीर्त्तन ।	भक्तगण करेंगे नाम-संकीर्त्तन ।
निताइ गौर मिलि दुइ भाये	निताई-गौर दोनों भाई मिलकर
मोर आङ्गिनाय आज करिबे नर्त्तन ।	मेरे आँगनमें आज नर्तन करेंगे ।
जाइ,—सकल उद्योग करि गिये ।	जाऊँ—सभी तैयारी करूँ जाकर ।
बौमा ! बौमा ! कोथा तुमि ?	बहूरानी ! बहूरानी ! कहाँ तुम ?
कोथा तुमि ? कोथा गेले तुमि ?	कहाँ तुम ? कहाँ गयीं तुम ?
आय मा !	आ बेटी !

तोरे धरि बुके	तुझे लगा छातीसे
जुड़ाइ जीवन ।	शीतल करूँ जीवन ।
(आङ्गिनाय पतन)	(आँगनमें गिर पड़ना)
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
(शचीमातार सेवा करिते-करिते)	(शचीमाताकी सेवा करते-करते)
मागो ! देखे तव दशा,	माँ ! देख तव दशा,
मोर हृत्कम्प हय;	हृत्कम्प होता मुझे;
जाय बुक फेटे,	जाती है छाती फटी,
प्राण हय विकल, अस्थिर ।	प्राण होते विकल, अस्थिर ।
इच्छा हय, झाप दिया	इच्छा होती है, कूदकर
डुबि गङ्गा-गर्भे,	डूबकर गङ्गाकी गोदीमें
जीवन जुड़ाइ,—	जीवनको शीतल करूँ—
ए जनमेर मत ।	इस जन्म भरके लिये ।
गुणमणि पुत्र तव,	गुणमणि पुत्र तव,
दिये गेछेन ताँर वृद्धा जननीर	दे गये हैं निज वृद्धा जननीकी
सेवाभार, आमार उपर ।	सेवाका भार मुझको ।
स्वेच्छामय स्वतन्त्र पुरुष तिनि,—	स्वेच्छामय स्वतन्त्र पुरुष वे—
जननीर शेष दशा,	जननीकी अन्तिम अवस्था,
वृद्ध जराजीर्ण कङ्कालमय	वृद्ध, जराजीर्ण, कङ्कालमय
देहयष्टि ताँर,	देहयष्टि उनकी,
जेन दग्ध काष्ठ एकखानि,—	मानो एक दग्ध काष्ठ,—
मासेर मध्ये विशदिन,	महीनेमें बीस दिन
उपवासे दिन जाय जाँर,—	जाता उपवासमें ही दिन जिनका,—
ए दृश्य,—	यह दृश्य,—
देखिते ह'ल ना पुत्रेर ताँर,—	देखना पड़ा न उनके पुत्रको,—
भाग्यवान तिनि,—	भाग्यवान् वे,—
पुत्र-विरह-दग्ध जननीर	पुत्र-विरह-दग्धा जननीका
तप्त दीर्घश्वास,	तप्त दीर्घ श्वास,—
पुत्र-पागलिनीर	पुत्र-शोकमें हुई पगलीकी
सकरुण विलापोक्ति,—	सकरुण विलापोक्ति,—

पुत्र-विरहाकुला	पुत्र-विरहाकुला
जननीर करुण आर्त्तनाद	जननीका करुण आर्तनाद
किछुइ,—देखिते, शुनिते, वा सहिते	कुछ भी,—देखना, सुनना, या सहना
हल ना ताँर ।	पड़ा न उन्हें ।
अभागिनी आमि,	अभागिनी मैं
बसिया निर्ज्जने, भाग्य-विधाता मोर,	बैठकर निर्जनमें, भाग्यविधाताने मेरे,
लिखिछेन मनसाधे,—	लिखी है जी भरकर
मोर अदृष्टेर लिपि;—	भाग्य-लिपि मेरी,—
अदृष्टेर निर्ब्बन्ध खण्डिते के पारे ?	भाग्यका विधान बदल कौन सकता है ?
(ऊर्द्ध्वे चाहिया)	(ऊपर देखकर)
ओहे ! दयानिधि !	अहो ! दयानिधि !
मातृभक्त-शिरोमणि !	मातृभक्त-शिरोमणि !
नवद्वीपचन्द्र !	नवद्वीपचन्द्र !
ओहे ! कृपानिधि !	अहो ! कृपानिधि !
नदीयावासीर प्राण शचीर नन्दन !	नदियावासियोंके प्राण शचीनन्दन !
एक बार एसे जाओ देखे,	एकबार आकर देख जाओ,
कि दशा हयेछे तव,	क्या दशा हुई है तुम्हारी
स्नेहमयी वृद्धा जननीर ।	स्नेहमयी वृद्धा जननीकी ।
कि सेवा करिब आमि ताँर ?	क्या सेवा करूँगी मैं उनकी ?
कि करिले हय प्राणरक्षा ताँर ?	किस उपायसे हो उनकी प्राणरक्षा ?
ओहे, शचीमार अञ्चलेर निधि,	अहो ! शचीमाताके अञ्चल-निधि,
देखा दिये एक बार,	दर्शन दे एकबार,
बले दिये जाओ तुमि;	कहकर जाओ तुम,—
कि भावे तव चरणेर दासी—	किसभाँति चरणोंकी दासी तुम्हारी
मातृसेवा तव करिबे एखन ।	तव मातृसेवा करेगी इस समय ।

गीत

ओहे नदीयार चाँद !	अहो नदियाके चाँद !
तुमि यदि आमि हओ,—	समझ सकोगे मुझको तुम
बुझिबे तवे ।	केवल 'मैं' बनकर ।
आमार दुःखेर कथा	जब हो मेरी दुःख-कथा
शुनिबे जबे ॥	तुमको श्रुति-गोचर ॥

दिये गेछ सेवाभार,	सेवा-भार गये हो देकर,
तोमार ए बुड़ा मार,	अपनी वृद्धा माँका मुझपर,
कि सेवा करिले ताँर,—	करूँ कौन सेवा उनकी,
ए दुख जावे।	जो ले यह दुख हर ?
तुमि ता, विचार करे,	तुम ही कर विचार अब इसपर,
देखा दिये बल मोरे,	मुझे बता दो दर्शन देकर,
ताइ करि, काटाइब,—	भवमें जीवनको काटूँगी
जीवन भवे।	वैसाही कर॥
तोमार मायेर सेवा,	तव जननी-सेवाका अवसर
ए भाग्य वा पाय केवा,	मिले, भाग्य ऐसा हो क्योंकर,
अभागिनी बलि बुझे,—	जान अभागिन मुझको है
दियेछ भेवे।	यह दिया मनन कर।
तुमि यदि आमि हओ,—	समझ सकोगे मुझको तुम
बुझिवे तवे।	केवल 'मैं' बनकर॥

शचीमाता--	**शचीमाता--**
बौमा ! कि जे बलितेछ तुमि,	बहूमाँ ! क्या तो कहती हो तुम,
किछुइ ना बुझि;	कुछ भी समझती नहीं;
निमाइ आसिबे आज नितायेर साथे,	आयेगा निमाई आज साथ निताईके,
ल'ये भक्तवृन्द,	लेकर भक्तगणको,
आङ्गिनाय मोर हइबे कीर्त्तनः–	आँगनमें मेरे होगा कीर्तन,--
बहुदिन परे।	बहुत दिनों बाद।
महोत्सव आजि मोर गृहे,--	महोत्सव आज मेरे घरमें,--
चल मागो ! कर गिये रन्धन-उद्योग,—	चलो बेटी ! करो जाकर रन्धन-उद्योग,
आमि जाइ गङ्गास्नाने।	मैं जाऊँ गङ्गास्नानको।
(ईशानेर प्रति)	(ईशानके प्रति)
ईशान ! आङ्गिनाय आज हइबे कीर्त्तन,	ईशान ! आँगनमें आज होगा कीर्तन,
आमार निमाइचाँद आसि,	मेरा निमाईचाँद आकर
नित्यानन्द सने करिबे नर्त्तन।	नित्यानन्दके साथ करेगा नर्तन।
शुनि नाइ बहुदिन ताहार कीर्त्तन,	सुना नहीं बहुत दिनोंसे उसका कीर्तन,
देखि नाइ तार मधु नृत्य मनोहर;	देखा नहीं उसका मनोहर मधुर नृत्य;
बलेछेन मोरे श्रीवास पण्डित	कहा है मुझसे पण्डित श्रीवासने,

आज नदीयार चाँद,	आज नदियाका चाँद
उदय हइबे नदीयाय;	उदय होगा नदियामें;
ईशान !	ईशान !
तुमि कर परिष्कार आङ्गिना ओ बाहिर,	तुम करो परिष्कार आँगनका, बाहर भी,
उद्योग कर कीर्त्तनेर ।	करो तैयारी कीर्तनकी ।
पाइबेन प्रसाद आजि,	पायेंगे प्रसाद आज,
भक्तवृन्द मोर गृहे ।	भक्तवृन्द मेरे घर ।
ईशान—(स्वगत)	**ईशान**—(स्वगत)
पागलिनी हयेछेन गौराङ्गजननी;	पगली हो गयी हैं गौराङ्ग-जननी;
उन्मादिनी तिनि गौर-विरहे;	उन्मादिनी वे गौर-विरहमें हुई;
ह'ये मत्त गौरभावे,	होकर मत्त गौर-भावमें,
तिनि देखिछेन जगत गौरमय ।	देखती हैं वे जगत्को गौरमय ।
बले गेलेन ताँके सान्त्वना-छले,	कह गये हैं उनको सान्त्वनाके मिससे,
पण्डित श्रीवास,	पण्डित श्रीवास,
नवद्वीपचन्द्र शची-आङ्गिनाय	शचीके आँगनमें नवद्वीपचन्द्र
करिबेन नर्त्तन-कीर्त्तन,	करेंगे नर्तन, कीर्तन;
गौरगतप्राणा गौराङ्ग-जननी	गौरगतप्राणा गौराङ्गजननीने
ताँर वाक्ये करिया विश्वास,	कर विश्वास उनकी बातका,
करेछेन सकल उद्योग	करली है तैयारी सारी
संकीर्त्तन-यज्ञ-अनुष्ठानेर ।	संकीर्तन-यज्ञ-अनुष्ठानकी ।
पण्डितेर किवा दोष दिब ?	पण्डितको भला, दोष क्या दूँ ?
सकलि मोर निज करमेर फल ।	सब फल मेरे निज कर्मोंका ।
करितेछि वास आमि,	कर रहा हूँ वास मैं,
गौरशून्य नदीयाय,	गौर-शून्य नदियामें
शुधु गौर-जननीर ओ घरणीर	केवल गौर-जननी और गृहिणीका
चेये मुखपाने;	देख मुख;
देखि पोड़ा चोखे सब,	देखता हूँ सबकुछ झुलसे नयनोंसे,
शुनितेछि सकलि कानेते,	सुनता हूँ सबकुछ कानोंसे,
मुखे किछु बलि ना काहारे ।	मुखसे कुछ कहता नहीं किसीको ।
किंतु, शचीमार देखे दशा,	किंतु, शचीमाताकी देख दशा

मुख बुजे थाका चले ना त ग्रार ।	मुख बंद किये रहना ग्रब चल सकता नहीं ।
जाइ पण्डितेर काछे एक बार,	जाऊँ पण्डितके समीप एक बार,
ग्रासि पुछे ताँके,––	ग्राऊँ पूछ उनसे,––
पागलिनीके करिया पागल	पगलीको पागल बना
ताँर किवा ह्य सुख ।	उनको मिलता है सुख क्या ?
गौरभक्त-चूड़ामणि तिनि,––	गौरभक्त-चूड़ामणि वे,––
पूज्य तिनि––	पूज्य वे––
किंतु ए कि काज ताँर ?	किंतु यह क्या काम उनका ?
सत्य कि नवद्वीपचन्द्र,	सच क्या नवद्वीपचन्द्र,
ग्रासिबेन निजगृहे ग्राज	ग्रपने घर ग्रायेंगे ग्राज
करिते कीर्त्तन ?	करनेको कीर्तन ?
(शचीमातार प्रति)	(शचीमातासे)
मागो ! शान्त ह्ग्रो तुमि,	माँ ! शान्त होग्रो तुम,
स्थिर कर मन ।	स्थिर करो मनको ।
जाइतेछि ग्रामि श्रीवासभवने,	जाता हूँ मैं श्रीवासके घर,
ए संवाद सत्य कि मिथ्या	यह संवाद सत्य ग्रथवा मिथ्या ?—
जेने ग्रासि ग्रागे ।	जानकर ग्राता हूँ पहले ।
शचीमाता––	**शचीमाता––**
ईशान ! कभु मिथ्या नाहि कहे	ईशान ! झूठ नहीं कहते कभी
श्रीवास पण्डित;	श्रीवास पण्डित ।
ग्रामार निमाइ ग्राजि	मेरा निमाई ग्राज
करिबे कीर्त्तन ग्राङ्गिनाय;	करेगा कीर्तन ग्राँगनमें;
कर शीघ्र सकल उद्योग तुमि ।	करो शीघ्र सारी तैयारी तुम ।
ईशान––	**ईशान––**
मागो ! तव ग्राज्ञा पालिब यतने,	माँ ! तव ग्राज्ञा पालूँगा यत्नसे,
जाबे तुमि गङ्गास्नाने,	जाग्रोगी गङ्गास्नान करने तुम
सङ्गे जाइ ग्रामि ।	जाऊँगा साथ मैं ।
(मने-मने)	(स्वगत)

ना जानि श्रीवास पण्डित आजि	न जाने श्रीवास पण्डित आज
घटावेन किवा सर्व्वनाश ।	क्या दुर्घटना घटायेंगे ?
गौरभक्त-चूड़ामणि तिनि;	गौरभक्त-चूड़ामणि वे;
आकुल आह्वाने ताँर,	आकुल आह्वानसे उनके,
संकीर्त्तन-यज्ञेश्वर——	संकीर्तन-यज्ञेश्वर——
भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीगौराङ्गसुन्दर	भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीगौराङ्गसुन्दर
पारेन आसिलेओ आसिते	आयें तो आ भी सकते हैं
संकीर्त्तन माँझे ।	संकीर्तनके बीच ।
आज विषम परीक्षार दिन;	विषम परीक्षाका दिन आज;
हउक सफल गौरभक्तेर वाक्य,	हो सफल गौरभक्त-वाणी,
पूर्ण हउक मनोरथ गौराङ्गजननीर	पूर्ण हो मनोरथ गौराङ्गजननीका ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(श्रीवासादि गौरभक्तवृन्देर सहित कीर्त्तन करिते-करिते श्रीनित्यानन्द प्रभुर प्रवेश)	(श्रीवासादि गौरभक्तवृन्द सहित कीर्त्तन करते-करते श्रीनित्यानन्द प्रभुका प्रवेश)

कीर्त्तन

सोनार गौराङ्ग आमार,	कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(ऐ) नेचे चले जाय।	(वह) चला नाचता जाये ।
(तोरा) देखवि यदि आय ॥	तू देखेगा यदि आये ।
नदेर पथे,—निताई साथे,	नदिया-पथपर सहित निताई,
(ऐ) नेचे चले जाय ।	(वह) चला नाचता जाये ।
हेमदण्ड वाहु तुले	स्वर्ण-दण्ड सम वाहु उठाये,
हरे कृष्ण हरि वले,	"हरे कृष्ण, हरि वोल", सुनाये,
पराण गौराङ्ग आमार	गौर प्राण-जीवन मेरा,
(ऐ) नेचे चले जाय ।	(वह) चला नाचता जाये ।
नवीन नाटुया साजे,	अभिनव वर नटवर-वेश सजे,
चरणे नुपुर वाजे,	चरणोंमें नूपुर मञ्जु वजे,
नदीयानागर गोरा	नदिया-नागर, नवद्वीप-गौर,
(ऐ) नेचे चले जाय ॥	(वह) चला नाचता जाये ।
परणे कोंचान धुनि,	तन धोती चुन्नटदार लसे,
कटिते उड़ानि वाँधि,	कटि-तट उपरैना रुचिर कसे,

प्रेमेते विभोर गोरा
गङ्गातीरे धाय।
संकीर्त्तन-रस-रङ्गे,
अन्तरङ्ग भक्त सङ्गे,
संकीर्त्तनेर पिता गौर
(ऐ) नेचे चले जाय।
मालतीर माला गले,
पवन-हिल्लोले दोले,
ऊर्द्ध्व बाहु ह'ये गोरा,
हरिनाम गाय।
चन्दन-चर्चित देहे,
कुसुमेर गन्ध बहे,
जगजन मुग्ध ताँर
वदन-शोभाय।
सोणार गौराङ्ग आमार
(ऐ) नेचे चले जाय।

प्रेममें छका हुआ गौराङ्ग,
गङ्गा-तट दौड़ा जाये।
संकीर्त्तनके रस-सने रङ्ग-
में अन्तरङ्ग भक्तौघ सङ्ग,
संकीर्तनका पिता गौर-हरि,
(वह) चला नाचता जाये।
गले मालतीकी माला वर,
जिससे पवन रहा क्रीडा कर,
दोनों बाहु उठाये गौरा,
(हरि) नाम सुनाये गाये।
चन्दनसे चर्चित काया है,
सुमनावलि-सौरभ छाया है,
हैं मुग्ध जगतके जन उसकी,
मुख-छविपर, सभी लुभाये।
कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।

शचीमाता—
(उन्मादिनीर मत कीर्त्तनेर मध्ये आसिया)
ऐ जे आमार सोनार निमाइचाँद,
आय बाप! एक बार कोले आय!
बुके ध'रे तोरे
जीवन जुड़ाइ।

शचीमाता—
(उन्मादिनीकी भाँति कीर्त्तनमें आकर)
वही तो मेरा सोनेका निमाई चाँद,
अरे तात! एकबार गोदीमें आ।
छातीसे लगा तुमको
शीतल करूँ जीवनको।

पुनः कीर्त्तन

हरे कृष्ण हरे बलि,
दु'टि बाहु ऊर्द्ध्वे तुलि,
पतित जीवेरे डाकि
आय आय आय।
प्रेम भरे डेके-डेके,
(से जे) देय कोल जाके ताके,

"हरे कृष्ण, हरि" बोल-बोलकर,
उठा युगल बाँहोंको ऊपर,
पतित जीवोंको—आओ, आओ
आओ चले—बुलाये।
प्रेम सहित कर-कर आवाहन,
प्रति जनको करता आलिङ्गन,

(तार) नयनेते धारा वहे
प्राण फैटे जाय।
पराण गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय॥
(तोरा) देख्वि यदि आय।
प्रेमेते पागल पारा,
जीव दुखे काँदे गोरा,
क्षणे हासे, क्षणे काँदे
(पुनः) धराते लुटाय।
(से जे) हुंकार करिया वले,
पापी-तापी आय रे च'ले,
गोलोकेर धन दिव
(तोरा) आय, चले आय।
सोनार अङ्गे धूलि मेखे,
सोनार गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय।
नदेवासी नर-नारी,
देख्वि यदि आय॥
(गौर आमार वले रे)
प्रेमधन एनेछि आमि,
असाधन चिन्तामणि,
गोलोक ह'ते तोदेर तरे,
आय सवे आय।
(ऊर्द्ध) वाहु हये डाके,
(वले) विलाइव जाके-ताके,
गोलोकेर धन प्रेम
दिव सवे आय॥
(जे) वल्वे हरि एकटि वार,
सेइ पावे सुधाधार,
(ओरे) मिट्वे तारे भवक्षुधा
घूच्वे हाय-हाय॥
सोनार गौराङ्ग वले
आय, सवे आय।
(गौर आमार वले रे)
हरे कृष्ण हरे राम,

नयनोंसे वहती जलधारा,
यह देख प्राण फट जाये॥
गौराङ्ग प्राण-जीवन मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।
तू देखेगा यदि आये॥
प्रेम छका सुध-वुधसी खोये,
जीव-दुःखसे गोरा रोये,
क्षणमें हँसता, क्षणमें रोता,
पुनः लोट भूपर जाये॥
वुला रहा वह कर-कर गर्जन,
आओ चले, तप्त-पापी जन
दूँगा मै गोलोक - विभव
आओ रे। कदम वढ़ाये।
धूल रमाये स्वर्ण - देहमें,
कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।
नवद्वीप-निवासी नर-नारी,
जो दर्शनेच्छु, वह आये॥
कह रहा गौरहरि है मेरा—
लाया हूँ मैं प्रेम-रूप धन,
चिन्तामणि दुष्प्राप्य, असाधन,
सुरभि-लोकसे लिये तुम्हारे,
आओ, न एक रह जाये।
भुजा उठाकर टेर रहा है,
जन-जनको दूँगा—कहता है,
प्रेम-रूप गोलोक - विभव
दूँगा सव जनता आये।
जो एकवार ले हरि पुकार,
वह पायेगा पीयूष-धार,
होगी उसकी भव-क्षुधा शान्त,
सव हाय-हाय मिट जाये॥
कहता कञ्चन-काय निमाई,
आये, समाज सव आये।
(सुनो, कहता मेरा गौराङ्ग)
जय हरे कृष्ण, जय हरे राम,

<table>
<tr><td>

बल्बे मुखे अविराम,
परमायु अल्प जीवेर
समय ब'ये जाय ।
दु'हात जुड़ि बले 'हरि',
भजिले गौराङ्ग हरि,
कलिर जीवे अनायासे
प्रेमधन पाय ।
(ताँर) चरणे शरण निले,
गोलोकेर धन मिले,
त्रितापेर जाय ज्वाला,
जाय हाय-हाय ।।
सोनार गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय ।
(तोरा) देख्बि यदि आय ।
(कीर्तन लइया नगरे गमन)

</td><td>

बोलो मुखसे, मत लो विराम,
परमायु अल्प ही जीवोंकी,
नित समय बीतता जाये ।
'हरि' कहता है कर जोड़ युगल,
गौराङ्ग-भजनका है यह फल,
अनायास कलियुगका प्राणी
दिव्य प्रेमका धन पाये ।
जो चरण-शरण उनकी जाये,
गो-लोक-सम्पदा वह पाये,
हो दूर त्रितापोंकी ज्वाला,
हा, हाय, हाय मिट जाये ।।
कञ्चन-काय निमाई मेरा
(वह) चला नाचता जाये ।
तू देखेगा यदि आये ।।
(कीर्तन करते नगरमें जाना)

</td></tr>
<tr><td>

शचीमाता--

पण्डित श्रीवास !
श्रीपाद नित्यानन्द ! गौरभक्तवृन्द !
देखितेछि दिव्य चक्षे आमि,
सोनार निमाइचाँद,
बाहु तुले हरि बले,
करिछे मधुर नृत्य,--नयन रञ्जन,--
संकीर्तन माझे ।
देख देख, कि सुन्दर,--
सेइ तार चाँचर चिकुरराशि;
पड़ेछे सुन्दर बदन झापि;
सेइ तार परिसर वक्षःस्थले,
शोभिछे अपूर्व्व मालतीर माल;
परिधाने सेइ तार
कोँचान धुति लाल पेड़े;
सूक्ष्म उड़ानि दृढ़बद्ध,

</td><td>

शचीमाता--

पण्डित श्रीवास !
श्रीपाद नित्यानन्द ! गौरभक्तवृन्द !
देखती हूँ मैं दिव्य चक्षुओंसे,--
सोनेके निमाईचाँदको,
बाहु उठा 'हरि बोल' कहते
करता है मधुर नृत्य--नयन-रञ्जन,--
संकीर्तनमें ।
देखो तो सही, कितना सुन्दर,--
वह उसकी बिथुरी, कुञ्चित चिकुर-राशि,
लटक रही सुन्दर बदनको झाँप
वही उसके विशाल वक्षःस्थलपर
शोभित अपूर्व मालती-माला,
पहने हुए वही अपनी
चुनी हुई धोती लाल पाड़की
महीन उपरैना बँधा कसके

</td></tr>
</table>

क्षीण कटिदेशे तार ।	क्षीण कटिदेशमें उसके ।
नवीन नाटुया वेश तार,	नवीन नटवर वेश उसका,
राङ्गा चरणे तार वाजिछे नूपुर ।	अरुण चरणोंमें उसके बज रहा नूपुर ।
ऐ नदीयार पथे,—भक्तवृन्द साथे,—	इस नदियाके पथपर—भक्तवृन्द साथ,—
बाछा मोर,—धूलि-धूसरित अङ्गे	छौना मेरा,—धूलि-धूसरित देहसे,
नाचिया चलेछे प्रेमरङ्गे ।	नाचता चल रहा है प्रेमरङ्गमें ।
एइ जे से,—	वही तो बस,—
अङ्गने नाचितेछिल मोर,—	आँगनमें नाच रहा था मेरे अभी,
नितायेर साथे,—	साथ निताईके,—
नाचिते-नाचिते राजपथे गेल च'ले,	नाचते-नाचते चला गया राजपथपर,
अगणन लोक सङ्गे तार ।	अगणित लोग साथ उसके ।
'बोल हरि बोल' रवे,	'बोल हरि बोल' की ध्वनिसे
क'रे दिगन्त कम्पित,	करता दिगन्त कम्पित,
सोनार निमाइचाँद—	सोनेका निमाई चाँद—
सोनार गौराङ्ग तोमादेर—	स्वर्ण-गौराङ्ग तुमलोगोंका—
संकीर्त्तन-रणरङ्गे मातियाछे आज ।	संकीर्तन-रणरङ्गमें मत्त हो उठा आज ।
(श्रीवास पण्डितेर हस्त धारण करिया)	(श्रीवास पण्डितका हाथ पकड़कर)
पण्डित श्रीवास ! क'रे संकीर्त्तन	पण्डित श्रीवास ! करता संकीर्तन
प्राणेर निमाइ मोर,	प्राणोंका निमाई मेरा,
पुनः आसिबेन फिरे घरे ?	पुनः तो आयेगा लौट घर ?
सङ्गे आछे नदीयार भक्तवृन्द जत,	सङ्ग हैं भक्तवृन्द नदियाके जो,
तारा फिराये आनिबे अवश्यइ	वे अवश्य ही लौटा लायेंगे
पुनः गृहे तारे ।	पुनः घर उसको ।
देखेछि प्राण भरे, तारे आमि,	देखा है जीभर उसे मैंने,
परितृप्त हयेछे मोर प्राण-मन—	परितृप्त हुए हैं मेरे प्राण-मन—
बौमाओ देखेछे ताहारे;	बहूरानीने भी देखा है उसको;
द्विधा नाइ किछुमात्र मने आमादेर ।	कुछ भी संदेह नहीं मनमें हमारे ।
बहु दिन परे,	बहुत दिन बाद,
निताइ एनेछे ध'रे तारे नदीयाय ।	निताई पकड़ उसे लाये हैं नदियामें ।
मोर सब दुःख गेल दूरे,	मेरे सब दुःख हुए दूर,

मृत देहे आसिल पराण	लौट प्राण आये मृत देहमें,
देखिय बाछारे;	देखकर अपने लालको;
हारा धन फिरे पानु आमि	खोया धन फिर मैंने पाया।
मालिनी दिदि! सर्व्वजया! बौमा!	मालिनी दीदी! सर्वजया! बहूरानी!
कर गिये रन्धनेर उद्योग।	करो जाकर तैयारी रसोईकी।
महोत्सव हवे आजि गृहे मोर;	महोत्सव आज होगा घर मेरे;
ल'ये भक्तगण,	लेकर भक्तगणको,
फिरि आसि संकीर्त्तन ह'ते,—	लौट संकीर्तनसे,
निमाइ आमार,	मेरा निमाई,
